


# तरुण छत्तीसगढ़

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 37 अंक 26 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 27 अक्टूबर 2025 डाक 28 अक्टूबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम को सुनती हुई



**देश-विदेश**
गोमती में नाले का जहर! सीबीआई जांच के कारण 600 मीटर पाइप गैप, सफाई का सपना टूटा




**कोरिया पेज**
सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व शुभारंभ में उमड़ा श्रद्धा का सागर



### सरदार पटेल की जयंती

## रन फॉर यूनिटी में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी ने देशवासियों से की खास अपील

**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**



देश के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती इस वर्ष विशेष रूप से मनाई जा रही है। उनके 150वें जन्म वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में रन फॉर यूनिटी का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जाएगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों से इसमें हिस्सा लेने के लिए अपील की है। पीएम मोदी ने एकता दिवस पर एकता दिवस भारत के आधिकारिक एक्स अकाउंट द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो को रिपोस्ट करते हुए लिखा, 31 अक्टूबर को रन फॉर यूनिटी में शामिल हों और एकजुटता की भावना का जश्न मनाएं! आइए, सरदार पटेल के अखंड भारत के सपने का सम्मान करें। रन फॉर यूनिटी हर वर्ष राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित किया जाता है। एकता दिवस भारत के आधिकारिक एक्स अकाउंट से एक वीडियो संदेश पोस्ट किया गया। पोस्ट में कहा गया, हमारी विविधता ही भारत की आत्मा है और सरदार पटेल ने इस विविधता को एकता में पिरोया। प्रधानमंत्री मोदी उसी दृष्टि को आगे बढ़ा रहे हैं। सरदार पटेल की 150वीं जयंती मनाएं, रन फॉर यूनिटी में शामिल हों और एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को और सशक्त बनाएं। पीएम मोदी ने रविवार को लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड में कहा था, सरदार पटेल आधुनिक काल में राष्ट्र की सबसे महान विभूतियों में से एक रहे हैं। उनके विराट व्यक्तित्व में अनेक गुण एक साथ समाहित थे। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा था, मेरा आप सबसे आग्रह है कि 31 अक्टूबर को सरदार साहब की जयंती पर देशभर में होने वाली रन फॉर यूनिटी में आप भी जरूर शामिल हों। पीएम मोदी ने कहा था कि गांधी जी से प्रेरित होकर सरदार पटेल ने खुद को स्वतंत्रता आंदोलन में पूरी तरह समर्पित कर दिया। खेड़ा सत्याग्रह से लेकर बोरसद सत्याग्रह तक अनेक आंदोलनों में उनके योगदान को आज भी याद किया जाता है।

## चेन्नई समेत तमिलनाडु के चार जिलों में चक्रवात मोंथा का खतरा,भारी बारिश की चेतावनी



**चेन्नई।** भारत मौसम विज्ञान ने बंगाल की खाड़ी में बने साइक्लोन मोंथा की वजह से तमिलनाडु के चार उत्तरीय तटीय जिलों, चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और रानीपेट के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग का कहना है कि इन जिलों में तेज बारिश और हवा चल सकती है, इसलिए लोगों को सावधान रहने की जरूरत है। आईएमडी के ताजा बुलेटिन के अनुसार, दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बने गहरे दबाव से यह चक्रवात बना है। आने वाले 24 घंटों में इसके और ज्यादा ताकतवर होने और उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ने की संभावना है। इस चक्रवात के असर से तमिलनाडु के उत्तरी तटीय इलाकों, खासकर चेन्नई और उसके आसपास के क्षेत्रों में मौसम खराब होने की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया कि चेन्नई, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम और रानीपेट में सोमवार को कुछ जगहों पर भारी बारिश हो सकती है।

मंगलवार के लिए तिरुवल्लुर में ऑरेंज अलर्ट और चेन्नई, कांचीपुरम, रानीपेट और चेंगलपट्ट में येलो अलर्ट जारी किया गया है, जिससे लगातार बारिश जारी रहने का संकेत है। मौसम विभाग ने निचले इलाकों में भी रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और खासतौर पर मछुआरों को समुद्र में न जाने की सलाह दी है, क्योंकि तमिलनाडु और दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों पर समुद्र में उथल-पुथल की स्थिति बनी हुई है। वहीं, चेन्नई और आसपास के क्षेत्रों में बादल छाए रहेंगे और बारिश व गरज के साथ हल्की बूंदें पड़ सकती हैं।

## आवारा कुत्तों पर अधिकतर राज्यों-यूटी ने नहीं दिए हलफनामे सुप्रीम कोर्ट का मुख्य सचिवों को पेश होने का आदेश

**नई दिल्ली 27 अक्टूबर।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आवारा कुत्तों के मामले स्वतः संज्ञान वाली याचिका पर सुनवाई की। इस दौरान कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को तीन नवंबर को होने वाली सुनवाई में पेश होने का आदेश दिया।

दरअसल, कोर्ट ने पाया कि आवारा कुत्तों की समस्या पर नोटिस जारी किए जाने के बावजूद अधिकतर राज्यों ने अब तक हलफनामे नहीं दायर किए हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने मुख्य सचिवों को पेशी का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों- जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की विशेष बेंच ने मामले की सुनवाई के दौरान पाया कि अब तक सिर्फ दिल्ली महानगपालिका (एमसीडी), पश्चिम बंगाल और तेलंगाना ने ही आवारा कुत्तों की समस्या को लेकर हलफनामे दाखिल किए हैं। बता दें कि 22 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने जब इस मामले पर सुनवाई की थी, तब सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को हलफनामे दाखिल करने के लिए कहा गया था। अपने आदेश के बावजूद हलफनामे न मिलने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताई और मुख्य सचिवों को पेशी का निर्देश जारी कर दिया।




## करूर भगदड़ के पीड़ित परिवारों से मिले विजय प्राइवेट होटल के बंद कमरे में क्यों की मुलाकात?

**चेन्नई, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**



अभिनेता से नेता बने और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय ममल्लापुरम के एक प्राइवेट होटल में करूर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों से मिल रहे हैं। यह मीटिंग भगदड़ में 41 लोगों की मौत के ठीक एक महीने बाद हो रही है।विजय से मिलने के लिए 200 से ज्यादा लोग आए हैं। इसमें 37 परिवार शामिल हैं और कुछ लोग भगदड़ में घायल हुए थे। हर परिवार से चार से पांच लोग विजय से मिलने आए हैं। खबर है कि एक्टर उनमें से हर एक को अलग-अलग सांत्वना देंगे। यह मुलाकात एक बंद कमरे में हो रही है, जिसमें पाबंदियां हैं और सिर्फ टीवीके के लोगों को ही अंदर जाने की इजाजत है। पीड़ितों के परिवारों को चेन्नई लाने के मौजूदा कदम की आलोचना हो रही है और कई लोग सवाल उठा रहे हैं कि विजय इसके बजाय करूर क्यों नहीं गए। पार्टी सूत्रों ने बताया कि विजय ने पहले करूर में खुद जाने का प्लान बताया था, लेकिन लॉजिस्टिक दिक्कतों की वजह से जगह बदलनी पड़ी। दिवाली से पहले टीवीके ने करूर में पार्टी की रैली में हुई भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों को राहत सहायता के तौर पर 20 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। 27 सितंबर को करूर में विजय की एक रैली में भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हो गए थे।

## दिल्ली हवाई अड्डे पर बोतल में छिपाया सोना बरामद, व्यक्ति गिरफ्तार

**नईदिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने एक पेय पदार्थ की बोतल के प्लास्टिक ढक्कन के अंदर छिपाकर रखा गया 170 ग्राम सोना जब्त किया है। दुबई से आए इस यात्री को एयर इंटेलिजेंस यूनिट द्वारा प्रोफाइलिंग के आधार पर शनिवार देर रात रोका गया। अधिकारियों ने बताया कि 25 अक्टूबर को दुबई से दिल्ली आ रहे एक भारतीय नागरिक यात्री का फ्लाइट गेट से ही पीछा किया गया और ग्रीन चैनल के निकास द्वार पर उसे रोक दिया गया। जाँच के दौरान, अधिकारियों को पता चला कि यात्री जिस PET बोतल को ले जा रहा था, उसके प्लास्टिक ढक्कन के साथ छेड़छाड़ करके उसमें सोने का एक बेलनाकार टुकड़ा छिपा दिया गया था। सोने के इस टुकड़े को बोतल के ढक्कन के अंदर सटीक रूप से फिट होने के लिए डिज़ाइन किया गया था, जिससे नियमित जाँच के दौरान इसका पता लगाना मुश्किल हो जाता है।

## कोट्टायम में हादसा, टूरिस्ट बस पलटने से एक की मौत, 49 घायल



**नई दिल्ली।** केरल के कोट्टायम में सोमवार सुबह एक टूरिस्ट बस ने कंट्रोल खो दिया और पलट गई। इस हादसे में एक महिला यात्री की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हो गए। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी। मृतक की पहचान सिंधु के रूप में हुई है, जो कन्नूर जिले के इरिट्टी के पेरावूर की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार, सभी यात्री इरिट्टी के थे जो कन्याकुमारी और तिरुवनंतपुरम घूमने के बाद घर लौट रहे थे। यह हादसा रात करीब 1 बजे हुआ, जब बस चीन्कल्लेल चर्च के पास एमसी रोड पर एक मोड़ पर कंट्रोल खो बैठी और पलटकर एक पेड़ से टकरा गई। बस में सवार सभी 49 यात्रियों को मोनिप्पल्ली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल और कोट्टायम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। सिंधु को मोनिप्पल्ली ले जाया गया, जहां चोटों की वजह से उनकी मौत हो गई।

## जस्टिस सूर्यकांत होंगे देश के अगले चीफ जस्टिस? सीजेआई गवई ने केंद्र सरकार से की सिफारिश



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई ने केंद्र सरकार से जस्टिस सूर्यकांत को अगले चीफ जस्टिस ऑफ़ इंडिया के तौर पर नियुक्त करने की सिफारिश की है। मौजूदा सीजेआई गवई के बाद सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे सीनियर जज जस्टिस सूर्यकांत, सीजेआई गवई के 23 नवंबर को रिटायर होने के बाद 24 नवंबर को 53वें सीजेआई बनेंगे।









## साहू समाज का अध्यक्ष बनने की दौड़

**कोरबा ।** कोरबा जिले के सामाजिक संगठनों में इस समय सबसे चर्चित विषय बन गया है की साहू समाज का नया जिला अध्यक्ष कौन होगा ? आगामी जिला कार्यकारिणी के गठन से पहले संगठन में हलचल तेज हो गई है। इसी क्रम में अब साहू समाज के जिला संगठन सचिव पुनिराम साहू ने भी जिला अध्यक्ष पद के लिए अपनी मजबूत सशक्त दावेदारी पेश की है। जानकारी के अनुसार पुनिराम साहू की दावेदारी सामने आने के बाद साहू समाज के अंदर नई राजनीतिक और संगठनात्मक चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। कई सामाजिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उनके समर्थन में खुलकर आने लगे हैं, जबकि कुछ वरिष्ठ सदस्य शांत रूप से संगठनात्मक समीकरणों को परख रहे हैं। साहू समाज के कोरबा जिले में अध्यक्ष पद की इस रेस में अब प्रतिस्पर्धा दिलचस्प मोड़ पर पहुँच गई है। पुनिराम साहू लंबे समय से समाज की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। उन्होंने संगठन को गांव-गांव तक सशक्त बनाने और युवा वर्ग को समाज से जोड़ने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। यही कारण है कि उनके समर्थक उन्हें समाज का सशक्त, युवा और कर्मठ चेहरा मानते हैं। आगामी बैठक में किसे संगठन की कमान सौंपी जाएगी, यह देखने लायक होगा।

## रजगामार डिपसाइड कोल माइंस के लिए टीएमसी ग्रुप को वेस्टिंग ऑर्डर हुआ जारी

**कोरबा ।** कमॅशियल कोल माइनिंग के तहत नीलाम किए गए रजगामार डिपसाइड देवनारा भूमिगत खदान के लिए वेस्टिंग ऑर्डर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही खदान के प्रारंभ होने का रास्ता लगभग साफ हो गया है। कोयला मंत्रालय द्वारा जुलाई में रजगामार डिपसाइड देवनारा की नीलामी की गई थी। टीएमसी मिनरल रिसोर्सेज प्राइवेट लिमिटेड ने इसे हासिल किया था। रजगामार डिपसाइड देवनारा कोल ब्लॉक छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में स्थित है। रजगामार डिपसाइड देवनारा में 78.464 मिलियन टन कोल रिजर्व है। भूमिगत खदान का क्षेत्रफल 7.126 स्क्वायर किलोमीटर है। यहां 69 प्रतिशत वन क्षेत्र है।

पूर्व सरकार के दौरान इस खदान को एपीआई इस्पात एंड पॉवरटेक प्राइवेट लिमिटेड तथा सीजी स्पंज मैन्यूफैक्चर्स कंसोर्टियम कोलफील्ड्स लिमिटेड को आबंटित किया गया था। पूर्व कंपनी का नाम कोयला घोटाले में आने के बाद आबंटन निरस्त कर दिया गया था। तत्कालीन सरकार ने कमॅर्शियल माइनिंग के तहत खदान को नीलामी में सम्मिलित किया। रजगामार डिपसाइड देवनारा के साथ ही रजगामार डिपसाइड साउथ ऑफ फुलकडीह भूमिगत कोयला खदान की भी नीलामी हुई थी। इस खदान को मिवान स्टील्स लिमिटेड ने हासिल किया है। फुलकडीह के लिए अभी निहित आदेश जारी नहीं किया गया है।

## कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात का 127वां एपिसोड

**कोरबा ।** कोरबा जिले में भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 127वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण रविवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने हर्ष और उत्साह के साथ किया। यह आयोजन मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर के नेतृत्व में संपन्न हुआ, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

उक्त कार्यक्रम के दौरान दीप नारायण सोनी, श्रीधर द्विवेदी, शिव चंदेल, पवन सिन्हा एवं बूथ अध्यक्ष शिव कुमार देवांगन के निवास पर विशेष रूप से मन की बात का श्रवण आयोजन किया गया। इस अवसर पर दशा राम देवांगन, सारिका देवांगन, प्रेम बाई, पलक, सुमित्रा देवांगन, पद्मिनी, पीहू, परी, संतरा बाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राजेश राठौर ने कहा कि मन की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह प्रधानमंत्री और देश की जनता के बीच आत्मीय संवाद का सशक्त माध्यम है। प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए प्रेरक प्रसंग समाज में सकारात्मकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को प्रज्वलित करते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि आज जब देश आत्मनिर्भर भारत के पथ पर अग्रसर है, तब प्रत्येक नागरिक का सजग और सक्रिय होना ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। मन की बात जैसे कार्यक्रम इसी सोच को जन-जन तक पहुँचाने का माध्यम बन रहे हैं।

## कनबेरी गौशाला में गोपाष्टमी पर्व पर होगा भव्य गौ-पूजन, दर्शन और महाप्रसाद

**कोरबा ।** कोरबा जिले में गोपाष्टमी पर्व के पावन अवसर पर इस वर्ष कोरबा-चांपा मार्ग में संचालित कनबेरी गौशाला में श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यह आयोजन केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, परंपरा और गौ-सेवा की अमर भावना का सजीव प्रतीक बनने जा रहा है।

सभी गौ भक्तों, परिवारजनों और श्रद्धालुओं से हार्दिक निवेदन किया गया है कि वे अपने परिवार और मित्रों सहित कनबेरी गौशाला अवश्य पधारें, गौ माता और गौ गोपाल के दर्शन कर दिव्य आशीर्वाद प्राप्त करें। गोपाष्टमी का यह आयोजन गौ सेवा, गौ पूजन और गौ प्रेम के माध्यम से जीवन में पुण्य, शांति और सकारात्मकता का संचार करने का सुनहरा अवसर है। गौमाता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं, और उनका पूजन हमारे संस्कारों की मूल जड़ है। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूरे परिसर को फूलों और दीपों से सजाया है। वातावरण में भक्ति, श्रद्धा और लोक संस्कृति की झलक दिखाई देगी।

कार्यक्रम में विशेष आकर्षण अंतर्गत सुबह 8:00 से 10:00 बजे तक गौ पूजन एवं गौ गोपाल के दर्शन, गौ माता से संबंधित डाक टिकट एवं गौ ग्रंथों की प्रदर्शनी, सुबह 11:30 से दोपहर 1:00 बजे तक मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम, दोपहर 1:00 बजे से गौ माता की इच्छा तक महाप्रसाद वितरण, आकर्षक सेल्फी पॉइंट, गौमाता भोग सामग्री एवं सेवा स्टॉल, संकल्प हेतु विद्वान ब्राह्मण व पंडितजी की उपस्थिति, गौदान एवं तुलादान सेवा का विशेष अवसर, सुविधाजनक पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था, व्हीलचेयर सुविधा उपलब्ध हैं।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष का गोपाष्टमी पर्व विशेष रूप से गौ सेवा, संस्कार और श्रद्धा विषय पर केंद्रित है। श्रद्धालु यहां गौमाता की सेवा कर अपने जीवन को धन्य बना सकेंगे।

स्थानीय विद्वान ब्राह्मणों द्वारा गौ पूजन, आशीर्वाद व संकल्प विधि संपन्न कराई जाएगी। साथ ही गौमाता भोग सामग्री एवं तुलादान सेवा का आयोजन भी भक्तों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। कार्यक्रम स्थल पर भक्तों की सुविधा हेतु पार्किंग, पेयजल, विश्राम स्थल, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया है।

कनबेरी गौशाला समिति ने सभी गौभक्तों से आह्वान किया है की इस गोपाष्टमी पर हम सब मिलकर गौमाता की सेवा से अपने जीवन को पवित्र करें और भारतीय संस्कृति की ज्योति को और प्रखर बनाएं।

# परंपरा और उत्सवप्रियता के साथ छठ मनाएंगे छठ मइया को

## 0 मेंथा साइक्लोन से बदला मौसम, संशय भी कायम

**कोरबा।** कार्तिक शुक्ल षष्ठी को मनाए जाने वाले सूर्योपासना के सबसे बड़े पर्व छठ के लिए आज शाम आदित्य को प्रथम अर्घ्य दिया जाएगा। अकेले कोरबा शहरी क्षेत्र में 50 से अधिक घाट में व्यवस्था की गई है जबकि कटघोरा, रजगामार, दीपका और पाली में भी इस पर्व के उपासकों की संख्या को देखते हुए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। पुरातन परंपरा के साथ उत्सव प्रियता और संस्कृति के कई रंग इस पर्व को खास बनाएंगे।



कोरबा नगर और उपनगरीय क्षेत्रों में पूर्वांचल के साथ ही बीते कुछ वर्षों से इस परंपरा का हिस्सा बने विभिन्न राज्यों के डेढ़ लाख से भी ज्यादा लोग छठ पर्व मनाने को लेकर उत्साहित हैं। दो दिन पहले नहाय-खाय के साथ इसकी शुरुआत हुई और पिछली रात खरना का प्रसाद वितरित किया गया। आज सुबह से ही बाजारों में छठ पूजा की सामाग्री खरीदी को लेकर जबरदस्त माहौल रहा और हर तरफ लोगों की भीड़भाड़ नजर आई। पूजन सामाग्री की कीमतें पहले से ही उछाल पर हैं। इसके पीछे अलग-अलग कारण है लेकिन लोगों को अपनी आस्था के आगे इन कीमतों से कोई समझौता नहीं करना है। आज शाम कोरबा के बालकोनगर मार्ग स्थित ढेंगुरनाला, बेलगरी नाला बालको, हसदेव घाट सर्वमंगला, बायपास रोड राताखार, जोड़ा नहर पुल राताखार, पंपहाउस घाट, मुड़ापार तालाब, एसईसीएल शिवमंदिर छठ घाट, मानिकपुर पोखरी, मानसनगर, हसदेव बरॉज दर्री के अलावा बांकीमोंगरा, दीपका, रजगामार, कुसमुंडा, कटघोरा और पाली क्षेत्र में छठ मईया के व्रती अपने परिजनों और शुभचिंतकों के साथ अस्ताचल की ओर बढ़ते ऊर्जा के प्रमुख स्त्रोत सूर्य को इस पर्व का पहला अर्घ्य देंगे। यही परंपरा मंगलवार को प्रात: निभाई जाएगी। बदलते मौसम के कारण इस वर्ष मौसम कुछ बदला हुआ सा है, फिर भी लोग कहते हैं कि वे मौसम के बजाय अपनी परंपरा की जड़ों को जीवंत करने पर ज्यादा भरोसा करेंगे।

### क्या नजर आएंगे सूर्यदेव

खबर के अनुसार मैंथा साइक्लोन को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने 48 घंटे का अलर्ट जारी किया है। 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ मध्यम तेज गति से बारिश और कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली की गरज-चमक की संभावना भी व्यक्त की गई है। दो दिन पहले से ही मौसम में आए परिवर्तन को महसूस किया जा रहा है। वहीं मेंथा के असर को बंगाल, बिहार और ओड़िसा में ज्यादा प्रभावी कहा गया है। सामान्य तौर पर देखा गया है कि जब इन इलाकों में मौसम बदलते हैं तो छत्तीसगढ़ के इस हिस्से में स्वाभाविक रूप से इसका प्रभाव दिखता है। ऐसे में अगर छठ पूजा के दौरान आज शाम और कल सुबह सूर्य की उपस्थिति में समस्या होती है तो लोगों को दिक्कत हो सकती है। आशावादी दृष्टिकोण रखने वाला वर्ग यह भी कहता है कि आशा श्चपर ही आसमान टिका हुआ है इसलिए वे मानते हैं कि जो भी होगा बेहतर होगा।

### सुरक्षा को लेकर पुलिस मुस्तैद

भीड़भाड़ वाले आयोजनों के दौरान अक्सर अराजक तत्व बड़े फायदे की आस लगाए रहते हैं। कई क्षेत्रों से ऐसे गिरोहों की टीम यहां पहुंचकर कारनामे कर जाती है। ऐसे में लोगों की खुशियों पर ग्रहण लग जाता है। कोरबा नगर और जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छठ पर होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने आयोजन स्थलों का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था को परखा। उसने अपनी ओर से लोगों को सचेत किया है कि उन्हें कैसे सावधान रहना है। पुलिस ने सर्वाधिक भीड़भाड़ वाले इलाकों में यूनिफार्म के साथ सिविल ड्रेस में निगरानी करने की योजना बनाई है ताकि अनहोनी होने पर आपराधिक तत्वों को तुरंत दबोचा जा सके।

## ढेंगुरनाला पुल के पास पथराव, मालगाड़ी को नुकसान

**कोरबा।** सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत ढेंगुरनाला क्षेत्र में पिछली रात अज्ञात तत्वों ने पथराव की घटना को अंजाम दिया। इस दौरान एल्यूमिना पाउडर अनलोड करने के बाद बालको प्लांट से स्टेशन जा रही मालगाड़ी के इंजन के कांच शेड में नुकसान हुआ, जबकि लोको पायलट बाल-बाल बच गया। पुलिस के पास इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया गया कि लोको पायलट ओपी आदिले और सहायक सुनील कुमार के द्वारा पूरे मामले से अधिकारियों को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि इसी स्थान पर बालको के लिए कोयला ले जाने वाली गाड़ियों के हॉजपाइप को नुकसान पहुंचाते हुए कोयला की चोरी की गई। यह पूरा काम आसपास के अराजक तत्वों का है।

# नीरू के घर पहुंचकर खरना प्रसाद ग्रहण किए पूर्व मेयर

**कोरबा।** सूर्य उपासना के पर्व छठ को लेकर कोरबा क्षेत्र में काफी उत्साह है। परंपरागत रूप से पर्व के दूसरे दिन खरना प्रसाद तैयार कर हजारों लोगों को इसका वितरण कोरबा जिले में किया गया। सभी जगह व्रतियों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से खरना तैयार किया। भक्तिभाव के साथ लोगों ने इसे ग्रहण किया।



आरएसएस नगर में सामाजिक कार्यकर्ता नीरू राय के यहां शाम 7 बजे से प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। आम और खास लोगों ने यहां पहुंचकर छठ की महिमा जानी और प्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व महापौर रेणु अग्रवाल, राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी, कांग्रेस कार्यकर्ता सुरेंद्र लांबा, विकास सिंह, बंटी शर्मा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों लोगों ने यहां पर उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने उत्साहित वातावरण में खरना प्रसाद न केवल प्राप्त किया बल्कि छठ पर्व कर रहीं भक्त नीरू राय से आशीर्वाद भी लिया। उन्होंने सभी के लिए ईश्वर से मंगल कामनाएं की। उन्होंने कहा कि सबके जीवन में असीमित खुशी, सुख-समृद्धि-वैभव, धन-धान्य, आरोग्य और अपने क्षेत्रों में ऊंचाई पर पहुंचने की शक्ति ईश्वर प्रदान करे। आरएसएस नगर के अलावा कोरबा के एसबीएस कालोनी, जेपी कालोनी, मानिकपुर, पंपहाउस, 15 ब्लॉक, एमपी नगर, राजेंद्र नगर, हाउसिंग बोर्ड, बैगिनडभार, रामपुर, टीपी नगर, पुरानी बस्ती, बालकोनगर व अन्य क्षेत्रों में भी खरना पाने को लेकर लोगों में होड़ लगी रही।

# वनभूमि का पट्टा देने से किसानों के साथ रकबा बढ़ा, 19 समितियों को किया संवेदनशील

**कोरबा।** धान खरीदी सीजन 2025-26 के लिए कोरबा जिले में प्राथमिक तैयारियां कर ली गई है। इधर सरकार ने एक आदेश जारी कर उपार्जन केंद्रों की व्यवस्था का परीक्षण किया। इस कड़ी में जिले की 19 समितियों को संवेदनशील श्रेणी में शामिल कर दिया है। हैरान करने वाली बात यह है कि इन स्थानों पर तकनीकी और व्यवहारिक कारणों से किसानों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने के कारण इस तरह का प्रावधान किया गया। जबकि सरकार के स्तर पर जिस तरह की व्यवस्था की गई है उससे रकबा के साथ किसानों का बढ़ना लाजिमी है।



कोरबा जिले में पिछले सत्र में जो समितियां थीं उन्हीं में से 19 को संवेदनशील माना गया है। इनमें भैंसमा, कोरबी, बरपाली, सिरमिनी, बरपाली जिल्गा, करतला, तुमान, अखरापाली, सोनपुरी, सोहागपुर, कटघोरा, भिलाईबाजार, नोनबिर्रा, तिलकेजा, हरदीबाजार, सुखरीकला, सोनपुरी (दादरखुर्द) मोरगा, सुमेधा शामिल हैं। कहा गया कि धान खरीदी की पूरी अवधि में इन समितियों में विशेष निगरानी होगी। पहले दिन से लेकर सीजन की समाप्ति तक अलग-अलग मौके पर प्रशासन के अधिकारी या उनके सहयोगी इन स्थानों पर पहुंचकर निरीक्षण करेंगे कि कहीं कुछ समस्या या झंझट तो नहीं है। निगरानी को प्रमुख आशय यह भी हो सकता है कि आखिर इन समितियों में किसानों की बड़ी संख्या अचानक कैसे बढ़ गई और धान का रकबा कैसे विस्तारित हो गया। जानकारों का कहना है कि किसानों के द्वारा इस वर्ष इन समितियों में पंजीकरण कराए जाने से कुछ अधिकारियों को लगता है कि इसके पीछे कुछ विशेष कारण हो सकते हैं। इस बार किसान पंजीयन की व्यवस्था एग्रीटेक पोर्टल में की गई थी। बीते वर्ष लगभग 1 लाख 38 हजार किसानों ने अपने खेतों में उत्पादित धान को 3100 रुपए घोषित समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए पंजीकरण कराया था। सरकार खुद दावा कर रही है कि देश भर में जितने राज्य हैं वहां उत्पाद पर दिए जाने वाले समर्थन मूल्य के मुकाबले छत्तीसगढ़ में यह राशि सबसे ज्यादा है। जानकारों का कहना है कि किसानों के लिए समर्थन मूल्य एक सबसे बड़ा आकर्षण भी है जो उन्हें अपने उत्पाद को समितियों में बेचने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### पट्टेधारियों को किया ऋण वितरण

यहां याद रखना होगा कि न केवल कोरबा बल्कि छत्तीसगढ़ के अनेक जिलों में तकनीकी कारणों से किसानों की संख्या बढ़ी है, इसमें किसी प्रकार के संशय नहीं होने चाहिए। बताया गया कि सरकार के द्वारा उन मामलों में भी किसानों की धान को क्रय किया जाना है, जिनमें वनभूमि पर काबिज लोगों को पट्टे दिए गए हैं और खेती-बाड़ी करने के लिए ऋण उपलब्ध कराया गया है। विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए यह विकल्प अपनाया गया है। कहा गया कि कोरबा जिले में कई हजार हेक्टेयर भूमि का रकबा इस व्यवस्था से बढ़ा है। ऐसे में धान उपज में वृद्धि हुई और लघु किसान आत्मनिर्भरता की ओर बढ़े हैं। सरकार की योजना के कारण ही ऐसे लघु और सीमांत किसानों के द्वारा अपना पंजीकरण विभिन्न समितियों में कराया गया है। ऐसे में कृषकों की अधिकृत संख्या में बढ़ोत्तरी होने पर समितियों को संवेदनशील घोषित कर देना समझ से परे है।

## विस्थापितों की हरकतों से सक्ते में प्रबंधन

**कोरबा।** एसईसीएल कुसमुंडा एरिया, दीपका एरिया, गेवरा में एसईसीएल की चुनौतियां समय के साथ बढ़ती जा रही है। भूअर्जन के साथ लंबित मामले इसके पीछे की सबसे बड़ी वजह बने हुए हैं। आए दिन होने वाले प्रदर्शन से जहां उत्पादन बाधित हो रहा है वहीं अधिकारियों और कर्मियों की जान सांसत में है। ऐसे क्षेत्रों को सुरक्षा कारणों से प्रबंधन के द्वारा प्रतिबंधित घोषित किया गया है। मौके पर काम करने वाले मैनपावर के मामले में सुरक्षा नियम लागू हैं। बिना संसाधन के वे यहां नहीं आ

# बिजला कर्मियों के मानदेय और पुरानी पेंशन में भारी बढ़ोत्तरी की सरकार ने, आदेश अगले महीने जारी होगा

**कोरबा ।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध छत्तीसगढ़ बिजली कर्मचारी संघ-महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने 24 अक्टूबर को अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में प्रबंध निदेशक (डिस्ट्रीब्यूशन), मुख्य अभियंता (एचआर) और अन्य उच्च अधिकारियों से मुलाकात कर 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारियों के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि सहित संविदा कर्मचारी की ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, कैशलेश चिकित्सा, दुर्घटना बीमा, राष्ट्रीय त्यौहार में ड्यूटी पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों का तर्कपूर्वक उल्लेख करते हुए सकारात्मक चर्चा की गई। इस संबंध में महासंघ के प्रतिनिधिमंडल ने अपना प्रस्ताव विद्युत कंपनी प्रबंधन को प्रेषित किया और इसे शीघ्र ही आगामी नवंबर माह में लागू करने कहा गया। विद्युत कंपनी प्रबंधन के द्वारा गंभीरता पूर्वक सकारात्मक निर्णय लेते हुए शीघ्र लागू करने आश्वाशन दी गई। महासंघ के प्रदेश कार्यालय मंत्री चेतनानंद दुबे ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि महासंघ के द्वारा कर्मचारी हितैषी महत्वपूर्ण 22 सूत्रीय मांग को लेकर और विद्युत कंपनी प्रबंधन के झूठे आश्वासन एवं वादाखिलाफी के विरोध में विद्युत कंपनी मुख्यालय डंगनिया रायपुर में 09 अक्टूबर को विशाल आमसभा एवं धरना प्रदर्शन किया गया था। प्रबंधन के मौखिक आश्वाशन को अस्वीकार करते हुए और कंपनी प्रबंधन को चेतावनी देते हुए लिखित निर्णय नहीं लिए जाने तक 10 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन क्रमिक धरना प्रारंभ किया गया। महासंघ के आंदोलन के प्रभाव में चेयरमैन विद्युत कंपनी डॉ. रोहित यादव के द्वारा 17 अक्टूबर को महासंघ के साथ द्विपक्षीय वार्ता बैठक आहूत की गई।

जिसमें 2004 के पश्चात नियुक्त नियमित कर्मचारी के पुरानी पेंशन बहाली और संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि मुद्दे पर लिखित में मिनिट्स ऑफ मीटिंग जारी करते हुए संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि एवं अन्य हितलाभ के संबंध में महासंघ से सुझाव मांगा गया था। विदित हो कि महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय तिवारी और प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ के नेतृत्व में सभी पदाधिकारियों के द्वारा अखिल भारतीय मंत्री एवं उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल के मार्गदर्शन में विचार विमर्श कर संविदा कर्मचारियों के वेतन वृद्धि, दुर्घटना बीमा, कैशलेश चिकित्सा, ऑफ ड्यूटी मृत्यु पर अनुकम्पा नियुक्ति, राष्ट्रीय त्योहारों में ड्यूटी करने पर अतिरिक्त वेतन भुगतान आदि विषयों पर अविलंब प्रस्ताव तैयार कर प्रबंधन को प्रेषित किया।

उपरोक्त बैठक में महासंघ की ओर से प्रतिनिधिमंडल में अखिल भारतीय मंत्री एवं विद्युत उद्योग प्रभारी भारतीय मजदूर संघ राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष तेज प्रताप सिंहा, प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ, क्षेत्रीय अध्यक्ष रायपुर शहर क्षेत्र के अध्यक्ष परमेश्वर कन्नौजे एवं क्षेत्रीय सचिव रायपुर शहर क्षेत्र नीलांबर सिन्हा उपस्थित रहे।



## आरएसएस नगर में देवी भागवत

कोरबा। पंडित रविशंकर शुक्ल नगर, कोरबा में भूपेंद्र सिंह पंवार एवं श्रीमती विंध्यवासिनी पंवार के द्वारा संगीतमय श्रीमद् देवी भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन कराया जा रहा है। कथा स्थल एमआईजी 1/ 87 पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में 22 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक प्रतिदिन दोपहर 2:30 बजे से माता रानी की इच्छा तक कथा का श्रवण कथा आचार्य पंडित जनार्दन प्रसाद दुबे बरपाली वाले के द्वारा कराया जाएगा। कथा के उप आचार्य पंडित भागवत प्रसाद दुबे कोरबा वाले होंगे।श्रीमद् देवी भागवत कथा आयोजन की कड़ी में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर देवीभागवत और भागवत पुराण में वर्णित कृष्ण के जन्म की कथा अत्यधिक महत्वपूर्ण है। इस कथा के अनुसार, जब कंस ने देवकी की आठवीं संतान को मारने की कोशिश की, तो योगमाया देवी ने कंस के हाथों से निकलकर विंध्याचल पर्वत पर जाने का उल्लेख किया गया है।

# कोरबा जिले में आस्था व परंपरा के साथ सूर्य उपासना का पर्व मनाने दिख रहा उत्सव

### समय के साथ लोक पर्व के साथ लोगों की कनेक्टिविटी बढ़ी

**कोरबा ।** हिन्दू धर्म और संस्कृति के संरक्षण एवं राष्ट्रवादी चेतना के प्रचार-प्रसार में अग्रणी संगठन बजरंग दल एवं हिन्दू जागरण मंच, कोरबा ने समस्त श्रद्धालु भक्तों, माताओं-बहनों और नगरवासियों को लोक आस्था के महापर्व छठ की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

जिला संयोजक बजरंग दल, कोरबा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि छठ पूजा सूर्य उपासना का वह दिव्य पर्व है, जो भारतीय संस्कृति की सबसे प्राचीन परंपराओं में से एक है। यह पर्व नारी शक्ति, तपस्या, आत्मसंयम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। हम सभी से अपील करते हैं कि इस पर्व को स्वच्छता, श्रद्धा और सामूहिक सद्भाव के साथ मनाएं। सूर्य देव एवं छठी मइया से प्रार्थना है कि सबके जीवन में सुख, समृद्धि और आरोग्य का प्रकाश बना रहे।

हिन्दू जागरण मंच, कोरबा के पदाधिकारियों ने भी इस अवसर पर कहा कि छठ पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह सूर्य देवता के प्रति मानवता की कृतज्ञता का उत्सव है। यह पर्व हमें संयम, सेवा और समर्पण की प्रेरणा देता है। संयुक्त रूप से जारी संदेश में संगठन के पदाधिकारियों ने सभी नागरिकों को इस अवसर पर गंगा तटों और घाटों की स्वच्छता बनाए रखने, पर्यावरण की सुरक्षा करने तथा सामाजिक सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की है। इस अवसर पर संगठन के अनेक कार्यकर्ता, पदाधिकारी और श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने सूर्यास्त और सूर्योदय के अर्घ्य में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और जन-जन तक भारतीय संस्कृति का संदेश पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# बाइक की टक्कर से ग्रामीण की हुई मृत्यु

## हादसे के बाद बाइक सवार घटना स्थल से हुआ फरार

**कोरबा ।** कोरबा-पश्चिम हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कटकीडबरी में एक बाइक की टक्कर से 52 वर्षीय ग्रामीण नरेंद्र कंवर की मृत्यु हो गई। हादसे के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, नरेंद्र कंवर अपने घर से कुछ दूरी पर स्थित नाले में नहाने के लिए निकले थे। जैसे ही वह सड़क पार कर रहे थे, सामने से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि नरेंद्र कंवर सड़क पर गिर पड़े और उनके सिर में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें सड़क से उठाया और उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को पहले हरदीबाजार स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, मेडिकल कॉलेज पहुंचने से पहले ही नरेंद्र कंवर ने दम तोड़ दिया।

मृतक के बड़े बेटे ने बताया कि उनके पिता के सिर में गंभीर चोट आई थी, जिसके कारण उनकी मौत हुई। वहीं, जिला अस्पताल चौकी प्रभारी विश्व नारायण चौहान ने बताया कि मेडिकल कॉलेज से मिले मेमो के आधार पर बयान दर्ज किया गया है और आगे की जांच के लिए हरदीबाजार थाने को डायरी भेजी जाएगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार बाइक सवार की तलाश जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि हादसे के जिम्मेदार युवक को जल्द गिरफ्तार किया जाए और मृतक के परिवार को मुआवजा प्रदान किया जाए।

## सूर्य आराधना का पर्व है छठ पूजा

**चापा।** सूर्य उपासना के पर्व को देखते हुए मेजपूरी समाज ने चापा स्थित हसदेव नदी पर तैयारी पूरी कर ली है। मोजपूरी समाज के सत्येन्द्र सिंह के द्वारा शुक्रवार को चाम्या स्थित हरुदेव नदी तट पर बनारे गए छठ घाट का निरीक्षण किया गया। साथ ही तैयारियों को लेकर समाज से जुड़े लोगों से चर्चा भी की गई। धार्मिक मान्यता के अनुसार उठ मैया बहना की मानस पुत्री है। वहीं सूर्य देव की बहन है छठ मैया को संतान की रक्षा करने वाली और संतान सुख देने वाली देवी के रूप में शास्त्रों में बताया गया है जबकि सूर्य देव संपन्नता के देवता है। इसलिए छठ पूजा का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दिन वापा जांजगीर सहित अन्य क्षेत्रों में निवासरत मोजपुरी समाज के लोगों के द्वारा सूर्य देवता की पूजा अर्चला विधि विधान से की जाती है। छठ पूजा का समापन मंगलवार 28 अक्टूचर को होगा। तीसरे दिन सोमवार 21 अक्टूबर को उपवास रखकर डूबते हुए सूर्य को आध्यं दिया जाएगा। विशेष प्रकार का पकवान ठेकुवा और मौसमी फल चढाए जाएंगे। अध्यं दूध और जल से दिया जाता है। पर्व के चौथे एवं अतिम दिन 28 अक्टूबर को उगते हुए सूरज को अध्यं दिया जाएगा।



# सरकारी राशन दुकान संचालकों पर गिरेगी गाज

## वसूली नहीं करने पर कुर्की की कार्रवाई तय

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उचित मूल्य दुकानों की राशि जमा नहीं करने वाले संचालकों पर अब प्रशासन सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। जिला प्रशासन के निर्देश पर ऐसे संचालकों के खिलाफ कुर्की और नीलामी की कार्रवाई शुरू किए जाने की पूरी संभावना जताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार, पीडीएस योजना के तहत संचालकों द्वारा उपभोक्ताओं से वसूली गई सरकारी राशि को समय पर शासन के खाते में जमा नहीं किया गया है। इस पर कलेक्टर के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीओआर) सक्ती, डभरा और मालखरौदा क्षेत्र में संचालकों से बकाया राशि की वसूली की प्रक्रिया तेज करने जा रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, जिन संचालकों ने अब तक राशि जमा नहीं की है, उनके खिलाफ अचल संपत्ति की कुर्की और सार्वजनिक नीलामी की घोषणा की जा सकती है। तहसीलदार न्यायालय से जारी होने वाले उद्घोषणा पत्र में यहभी स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा कि यदि निर्धारित तिथि से पूर्व संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया, तो संबंधित संपत्ति को तहसील परिसर में सार्वजनिक नीलामी के माध्यम से बेचा जाएगा।

इतना ही नहीं, कई मामलों में बैंक प्रबंधकों को संबंधित संचालकों के खाते सीज करने के निर्देश भी जारी किए जाने की संभावना है। प्रशासन का मानना है कि यह कदम सार्वजनिक वितरण प्रणाली में पारदर्शिता और अनुशासन बनाए रखने

के लिए आवश्यक है। प्रशासन ने स्पष्ट संकेत दिए है कि सरकारी धन के दुरुपयोग या बकाया राशि जमा नहीं करने वालों पर कोई रियायत नहीं दी जाएगी। जल्द ही जिलेभर में ऐसे संचालकों की सूची तैयार कर कुर्की और वसूली की कार्रवाई प्रारंभ की जा सकती है।

## रामनाम की गूंज होगी राहौद में

**राहौद।** नगर पंचायत राहौद के वार्ड क्रमांक 8 खईयापारा में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। यहां 28 अक्टूबर से 6 नवंबर तक अखंड नवधा रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक अनुष्ठान में कथा वाचक पंडित मनहरण लाल त्रिपाठी मधुर वाणी में श्रीराम कथा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 28 अक्टूबर को मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 गोपाल दास महाराज, मारुति धाम देवरघटा के करकमलों से किया जाएगा, वहीं कथा विराम के अवसर पर मुख्य अतिथि आचार्य विष्णु शुक्ला रहेंगे।

कार्यक्रम के दौरान रामायण गायन प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी, जिसमें क्षेत्र के प्रतिभावान कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता तीन विधाओं शास्त्रीय संगीत, फिल्म संगीत और छत्तीसगढ़ी संगीत में होगी। प्रत्येक विधा में तीन-तीन पुरस्कार रखे गए हैं। प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय 3100 और तृतीय 2100 नकद राशि के रूप में प्रदान किए जाएंगे। इस प्रकार कुल नौ पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। रामायण गायन प्रतियोगिता का फाइनल 6 नवंबर को रात्रि 8 बजे आयोजित होगा, जिसमें क्षेत्र की प्रसिद्ध मानस मंडलियां भी भाग लेंगी। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं, भक्तों और नागरिकों से निवेदन किया है कि वे इस पावन आयोजन में सम्मिलित होकर रामकथा श्रवण का पुण्य लाभ अर्जित करें। यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र बनेगा, बल्कि स्थानीय प्रतिभाओं के लिए मंच भी प्रदान करेगा।

# रेल्वे की जमीन पर अवैध निर्माण, मोहल्लेवासियों ने सहायक मंडल अभियंता रेलपथ से की शिकायत

**जांजगीर चाम्पा।** जिला जांजगीर-चांपा के भोजपुर-चांपा में एक बड़ा घोटाला सामने आया है। रेलवे की जमीन पर एक प्रशासनिक अधिकारी ने अपने पद का दबाव दिखाकर अवैध निर्माण करवाया है। यह मामला तब और भी गंभीर हो जाता है जब यह देखा जाए कि यह जमीन वर्षों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों और धार्मिक आयोजनों के लिए उपयोग की जाती रही है।

**पहले भी हुआ था अवैध निर्माण**

स्थानीय लोगों ने बताया कि इसी जगह पर पहले भी अवैध निर्माण किया गया था, जिसे रेलवे विभाग ने तोड़कर रोक लगाया था। लेकिन इस बार मामला अलग है क्योंकि कब्जा करने वाला व्यक्ति स्वयं एक अधिकारी है, और अपने प्रभाव का उपयोग कर - प्रशासनिक कार्रवाई को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

मोहल्लेवासियों सूरज सहीस, जगेश्वर देवार और कमल कुमार देवागन ने इस संबंध में सहायक मंडल अभियंता (रेलपथ), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, चांपा और मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर को शिकायत सौंपी है। शिकायत में उल्लेख है कि यह जमीन वर्षों से सांस्कृतिक कार्यक्रमों, बच्चों के खेलकूद और दुर्गा पूजा जैसे धार्मिक आयोजनों के लिए उपयोग की जाती रही है।

मोहल्लेवासियों का आरोप है कि प्रशासनिक अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करके रेलवे प्रशासन और स्थानीय तंत्र को प्रभावित कर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि रेलवे प्रशासन और स्थानीय अधिकारी मौन रहकर इस अवैध कब्जे को मौन स्वीकृति दे रहे हैं।

मोहल्लेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे धरना-प्रदर्शन कर जनआंदोलन का रास्ता अपनाएँगे। प्रश्न यह उठता है- क्या प्रशासनिक अधिकारी का पद अब शासकीय भूमि हड़पने का हथियार बन चुका है? क्या रेलवे प्रशासन जनता की आवाज़ को एक बार फिर फाइलों में दबा देगा

## नेशनल कराते स्पर्धा में छात्रा गरिमा सिदार का हुआ चयन

**सक्ती ।** नगर के शिक्षण संस्थान अनुनय कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा गरिमा सिदार का चयन नेशनल स्तरीय कराटे चैंपियनशिप में हुआ है। यह चयन 17 वर्षीय बालिका कराटे प्रतियोगिता में हुआ है। बिलासपुर में 25वे राज्य शालेय स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 15 से 18 अक्टूबर को हुआ था। छात्रा गरिमा सिदार पिता सुमेंद्र सिंह का चयन राज्य स्तर में हुए कराटे में प्रथम स्थान प्राप्त कर नेशनल लेवल में हो गया है। गरिमा सभी विधा में हुए कराटे चैंपियनशिप ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, संभाग स्तर व राज्य स्तर सभी में प्रथम स्थान रही है। अब वह महाराष्ट्र में होने वाले नेशनल स्तर कराटे चैंपियनशिप में भाग लेगी। वह यशु गवेल के निर्देशन में कराटे सीख रही है। छात्रा के इस सफलता के लिए संस्था प्रमुख योगेश कुमार साहू, विद्यालय. परिवार व छात्रा के परिजन सभी ने हर्ष व्यक्त किया है।

# राज्य महिला आयोग के निर्देश पर भी डीईओ ने संरक्षण दिया एक शिक्षक को

## पूर्णिमा साहू ने एक मामले को लेकर की थी शिकायत

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग और लोक शिक्षण संचालनालय के जारी आदेश को जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा ठेंगा दिखाया जा रहा है। इसके चलते न्याय पाने के लिए पीड़ित महिला भटकने को मजबूर हैं। आवेदिका पूर्णिमा साहू के मुताबिक, उसके द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में अपने पति सुरेश कुमार साहू जो अकलतरा ब्लॉक अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अमरताल में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है, उसके विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पति ने बिना तलाक लिए दूसरी महिला से विवाह कर लिया है। महिला आयोग के समक्ष सुनवाई हुई, जिसमें उसने दूसरा विवाह करना स्वीकार किया और यह भी स्वीकार किया, उसकी 7 वर्षीय पुत्री भी है। इस पर राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने बिना तलाक लिए दूसरी शादी किए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों का उल्लंघन का दोषी पाया तथा 2 जून 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा एवं जिला कलेक्टर जांजगीर-चांपा को पत्र लिखकर निलंबित कर विभागीय जांच प्रक्रिया पूरी कर मामले की जांच कर शिक्षक पर कार्रवाई करने आदेश दिया, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके जांजगीर को 18 जुलाई 2025 महिला आयोग के आदेश को पालन कराने का निवेदन किया जिस पर जिला -शिक्षा अधिकारी जांजगीर को 01 अगस्त 2025 को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। जिस पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर आवेदिका ने 6 अक्टूबर 2025 को पुनः लोक शिक्षण संचनालय को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के आदेश के पालन करने का अनुरोध किया जिस पर लोक शिक्षण संचनालय ने जिला शिक्षा अधिकारी को 15 अक्टूबर 2025 को पत्र जारी कर सुरेश कुमार साहू के विरुद्ध तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर को दिया एवं सात दिवस के भीतर प्रतिवेदन प्रेषित करने के निर्देश दिए लेकिन इसके बावजूद जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा आज पर्यंत कार्रवाई नहीं की गई। इससे आवेदिका न सिर्फ मानसिक रूप से परेशान हो रही है बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के आदेश की अवहेलना भी संबंधित अधिकारियों द्वारा की जा रही है। आवेदिका न्याय की आस में भटक रही है। पूर्व में भी सुरेश कुमार साहू द्वारा सर्विस पुस्तिका में आवेदिका को मृत बताकर सर्विस पुस्तिका में कूट रचना की गई थी, जिसकी शिकायत आवेदिका द्वारा की गई थी जिस पर किसी के प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से आवेदिका न्याय पाने के लिए भटकने मजबूर हो गई है।



## बुनियादी सुविधाओं के लिए तरह रहे अमहापारा के लोग

**जांजगीर।** ग्राम सेमरा के अमहापारा मोहल्ले के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। वर्ष 2000 से अब तक यहां नाली का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे गंदा पानी सड़कों पर बहता रहता है। ग्रामीणों को रोजाना इसी पानी से होकर गुजरना पड़ता है। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। घरों में पानी भर जाता है और आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाती है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत की बैठकों में अब तक इस मोहल्ले के विकास को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनी है। नाली निर्माण और सीसी रोड का कार्य वर्षों से लंबित है। करीब 200 मतदाता परिवार यहां निवास करते हैं, लेकिन किसी भी पंचवर्षीय कार्यकाल में इस क्षेत्र में विकास की शुरुआत तक नहीं हुई। स्कूल जाने वाले बच्चों को रोजाना गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

# शराब पीने के लिए पैसे नहीं देने पर युवक की हत्या, दो गिरफ्तार

**मालखरौदा।** शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर रस्सी से गला घोंटकर युवक की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला मालखरौदा थाना क्षेत्र के ग्राम जमगहन का है।

इस संबंध में मालखरौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जमगहन में मुक्तिधाम के पास 23 अक्टूबर को एक युवक की लाश मिली थी। मृतक की पहचान ग्राम दलालपाली निवासी 45 वर्षीय छोटूराम यादव के रूप में की गई। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत होने पर पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की। इधर शव को पीएम के लिए भेजा गया। पुलिस ने हत्या की आशंका पर मृतक के परिजनों व गांव के अन्य लोगों से पूछताछ की। साथ ही शंका के आधार पर ग्राम दलाल पाली के ही 34 वर्षीय धरमु अजगल्ले



और 37 वर्षीय विनोद अजगल्ले को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जांच में सायबर टीम की भी मदद ली गई। मनोवैज्ञानिक तरीके से पूछताछ करने पर धरमु और विनोद ने छोटूराम यादव की हत्या करना स्वीकारां कया। पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने छोटूराम यादव से शराब पीने के लिए पैसे की मांग की थी। छोटूराम ने पैसे देने से इंकार कर दिया। इससे तैश में आकर उसकी जमकर पिटाई कर दी और रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी। इसके बाद लाश जमगहन के मुक्तिधाम के पास फेंककर दोनों भाग निकले। पुलिस ने ग्राम दलालपाली निवासी 34 वर्षीय धरमु अजगल्ले पिता ठाकुराम अजगल्ले और 37 वर्षीय विनोद अजगल्ले पिता पालूराम अजगल्ले को धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर 26 अक्टूबर को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रवीण राजपूत, उप निरीक्षक अनवर अली, सहायक उप निरीक्षक नाजिर हुसैन, संतोष तिवारी, चौकी प्रभारी फ़गुराम, प्रधान आरक्षक दामोदर जायसवाल, कृष्णा तिवारी, आरक्षक सेतराम पटेल, साइबर टीम एवं थाना स्टॉफ का योगदान रहा।

## कर्मियों ने कैशलेस चिकित्सा सेवा लागू करने की मांग उठाई

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25वें वर्ष रजत जयंती समारोह पर प्रदेश के समस्त शासकीय कर्मचारियों, उनके आश्रित परिवार और पेंशनर्स ने राज्य शासन से कैशलेस चिकित्सा सेवा लागू करने की मांग की है। यह मांग छत्तीसगढ़ कैशलेस चिकित्सा सेवा कर्मचारी कल्याण संघ की ओर से की गई है, जिसकी अगुवाई संघ की प्रदेश अध्यक्ष उषा चंद्राकार ने की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य ने 25 वर्षों में विकास के हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है, किंतु कर्मचारियों की चिकित्सा सुरक्षा अब भी अधूरी है। कैशलेस चिकित्सा सेवा लागू होने से कर्मचारी वर्ग को तत्काल चिकित्सा राहत मिलेगी और शासन-प्रशासन के प्रति उनका विश्वास और समर्पण और अधिक सुदृढ़ होगा।

# बुलेट में प्रेशर हार्न, मॉडिफाई साइलेंसर वालों की खैर नहीं

**जांजगीर-चांपा।** बुलेट वाहन में प्रेशर हार्न, मोडिफाई साइलेंसर लगाकर एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालो की अब खैर नहीं। यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक ही दिन



में जांजगीर शहर में 7 बुलेट वाहन में मोडिफाई साइलेंसर लगाकर चलाने वाले को पकड़ा गया, जिससे मौके पर ही मोडिफाई साइलेंसर निकलवाया कर समझाइश दी गई। इसके अतिरिक्त 4 शराबी वाहन चालकों को भी पकड़ा गया। जिसके वाहनों को जब्त कर चालकों के खिलाफ धारा 185 एमव्ही के तहत कार्रवाई की गई। जिसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। सड़क दुर्घटनाओं, ध्वनि प्रदूषण को दृष्टिगत रखते हुए जिसकी रोकथाम के लिए प्रेशर हॉर्न, मोडिफाई साइलेंसर लगाकर एवं शराबी वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसके अतिरिक्त मोटर सायकल में ट्रिपल सवारी, तेज गति में वाहन चलाना, बिना हेलमेट मोटर सायकल चलाना, बिना सीट बेल्ट के चारपहिया वाहन चलाना, नो पार्किंग में वाहन खड़ी करना एवं यातायात नियमों का उलंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय के निर्देशन में सड़क दुर्घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए उचित बचाव के लिए यातायात नियमों का उलंघन करने वाले के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार के नेतृत्व में यातायात पुलिस जांजगीर द्वारा विशेष अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। जिसमें बुलेट मोटर सायकल में प्रेशर हार्न एवं मोडिफाई साइलेंसर लगाकर मोटर सायकल चलाएं जाने पाए जाने से मौके पर ही मोडिफाई साइलेंसर निकलवाया गया। यदि दोबारा मोडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने पाए जाने पर चालको के खिलाफ वैधानिक कड़ी कार्रवाई की समझाइश दी गई।

## जलावर्धन योजना के परिणाम नहीं आ सके नगर में

**जांजगीर।** नगर की लगभग 25 हजार आबादी को पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए शुरू की गई जल आवर्धन योजना अब अधूरी रह गई है। सात साल पहले पानी की टंकी निर्माण, पाइप लाइन विस्तार सहित अन्य कार्य शुरू हुए थे, लेकिन ठेका कंपनी द्वारा समय पर काम पूरा न करने के कारण योजना आज तक पूर्ण नहीं हो सकी।



अब तक 34 करोड़ रुपए खर्च हो चुके हैं, जबकि शेष कार्यों के लिए 27 करोड़ रुपए की आवश्यकता है। सूडा द्वारा एक वर्ष पूर्व नए सिरे से टेंडर जारी किया गया, लेकिन वह प्रक्रिया भी ठोस रूप नहीं ले सकी। नगर में जल आवर्धन योजना अब समाधान से अधिक परेशानी बन चुकी है। दरअसल तुलसी भवन के पास 9.30 लाख लीटर और पुराने जिला अस्पताल के पास 24.50 लाख लीटर की ओवरहेड टंकी का निर्माण प्रस्तावित था। लेकिन एक भी टंकी पूरी नहीं हो सकी। तुलसी भवन के पास टंकी का बेस तैयार हुआ, जो अब जर्जर हो रहा है। पुराने जिला अस्पताल के पास नींव ही बन पाई है। नहर में पानी सप्लाई बंद होते ही वार्ड क्रमांक 6, 7, 8, 14, 16 और 17 में पानी की समस्या शुरू हो जाती है।

मई-जून में इन वार्डों में टैंकर से पानी पहुंचाया जाता है। घरों तक साफ और शुद्ध पानी पहुंचाने की कोई स्थायी व्यवस्था नहीं है। 2018 में 34.55 करोड़ रुपए की लागत से जल आवर्धन योजना के लिए टेंडर फाइनल हुआ था। नागपुर की मल्टी अर्बन इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड को 5 अक्टूबर 2018 को वर्क ऑर्डर जारी किया गया था। दो साल में काम पूरा करना था, लेकिन एक्सटेंशन के बावजूद काम अधूरा रहा। 2022 तक काम पूरा होना था, लेकिन 30-40 प्रतिशत कार्य ही हो पाया।

इसके बाद सरकार बदली और मामला विधानसभा में भी उठा। एक साल पहले दोबारा टेंडर जारी किया गया। इस बीच शहर के कई वार्डों में हर साल गर्मी के मौसम में जल संकट की स्थिति बनती है। टैंकर से पानी सप्लाई करना पड़ता है। ट्रयोजना के बचे निर्माण कार्य के लिए सूडा से टेंडर जारी हुआ है। बचा हुआ काम करीब 27 करोड़ रुपए से होगा। निर्माण कार्य कब से शुरू होगा इसकी जानकारी नहीं है। काम जब भी शुरू होगा, मॉनिटरिंग नगर पालिका द्वारा की जाएगी।

# रमन नगर में सजी थी पटवारियों के जुए की महफिल, पकड़े गए 8 जुआरी



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के रमन - नगर में पटवारियों के जुए की महफिल सजी थी। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 40 हजार रुपए नगदी समेत दो कार और दो स्कूटी बरामद की गई है।

जांजगीर के रमन नगर स्थित एक मकान में लंबे समय से जुआ चलने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। पुख्ता सूचना पर सिटी . कोतवाली पुलिस ने शनिवार 25 अक्टूबर की रात मौके पर दबिश दी। इस दौरान राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहित 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में राजस्व पटवारी संघ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिष कुमार सार्वे, हेमचंद तिवारी, रवि राठौर,उमेश कुमार पटेल, गोविंद कांवर, राहुल प्रताप सिंह, देवेश अंबष्ट और पटवारी का निजी ऑपरेटर हरीश सिंह शामिल है। पुलिस ने फड़ से नकद 40,200 रुपए, 52 पत्ती ताश, 6 मोबाइल, 2 कार, 2 स्कूटी सहित लगभग 20 लाख रुपए का माल जब्त किया है। कोतवाली पुलिस ने जुए पर कार्रवाई तो की, लेकिन बाद में इसे छिपाने का प्रयास भी किया गया। छोटी सी छोटी कार्रवाई की गज भर की प्रेस विज्ञप्ति पुलिस द्वारा जारी की जाती है, लेकिन रमन नगर में पकड़े गए जुए की जानकारी मीडिया से साझा नहीं की गई। कार्रवाई शनिवार की रात में हुई, लेकिन रविवार तक मीडिया पुलिस ग्रुप में इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चा हो रही है।

**कलेक्टर ने पटवारियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही के दिए निर्देश**

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पटवारियों के जुआ खेलते पकड़े जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने पुलिस जांच में पटवारियों के विरुद्ध जुआ खेलने की गतिविधि में शामिल पाए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर सभी संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया है कि उक्त पटवारियों के विरुद्ध पुलिस जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल कार्यवाही की जाए।

## गड्ढों में बदला चांपा-सिवनी मार्ग, परेशान हो रही जनता

**जांजगीर।** जिला मुख्यालय के चांपा से सिवनी जाने वाली मुख्य सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। चांपा ओवरब्रिज से नीचे उतरते ही लोगों को गड्ढों और धूल का सामना करना पड़ता है। सड़क के बीच में 1 से 2 फीट गहरे कई बड़े गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से रोजाना भारी वाहन गुजरते हैं, जिससे छोटे गड्ढे बड़े हो गए हैं। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी हो रही है। बड़ी गाड़ियां चलने से राहगीरों को धूल के बीच से गुजरना पड़ता है, जिससे चलना मुश्किल हो जाता है और स्वास्थ्य पर भी असर पड़ता है। इसी मार्ग से रोज प्लांट के कर्मचारी बड़ी संख्या में आते-जाते हैं। यहां से कोरबा, उमरेली, उरगा और मड़वारानी जाने वाले लोग भी इसी रास्ते से गुजरते हैं। गड्ढों में फंसकर लोग गिर जाते हैं और दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसके बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने मरम्मत की ओर ध्यान नहीं दिया है। शहर के व्यस्त क्षेत्र अटल चौक के पास लगे ट्रांसफार्मर बॉक्स का दरवाजा टूट जाने से वहां खतरा बना हुआ है। ट्रांसफार्मर के अंदर से कई तार बाहर लटक रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। आसपास से रोज सैकड़ों लोग, छात्र-छात्राएं और वाहन गुजरते हैं। ऐसे में यह स्थिति गंभीर चिंता का विषय बन गई है। भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह की लापरवाही किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकती है। - गोलू यादव मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम सबरिया डेरा और आसपास के इलाकों में अवैध महुआ शराब का कारोबार खुलेआम चल रहा है। गांव के अंदर और सागौन के जंगलों में बड़े पैमाने पर महुआ शराब बनाई जा रही है। शाम होते ही कुटीघाट और आरसमेटा मोड़ के पास डेरा में शराब पीने वालों की भीड़ जुट जाती है।

**शपथ पत्र**

मैं रूपेश कुमार कश्यप, उम्र-47 वर्ष, पिता-राजाराम, निवासी-क्वा. नं. सुपर एफ-645, सीएसईबी कालोनी कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) का होकर निम्नलिखित कथनपूर्वक करता हूं कि मैं उपरोक्त दर्शित पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आधार नं. 9820 4968 1214 है। मेरी पुत्री प्रांशी कश्यप, उम्र-15 वर्ष निवासी-क्वा.नं. सुपर एफ-645, सीएसईबी कालोनी कोरबा, तहसील व जिला-कोरबा (छ.ग.) जो कि कक्षा 9वीं में सेंट विसेंट पोलिटी स्कूल पोड़ीबहार कोरबा में अध्ययनरत है, जिसके जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम कोरबा में विधिवत बनवाया गया है, जिसका अनुक्रमांक 66 है, जिसमें उसका नाम त्रुटिवश प्रांशी कश्यप के स्थान पर फांसी कश्यप दर्ज हो गया है, जबकि उसका सही व वास्तविक नाम प्रांशी कश्यप है, जो कि सत्य एवं सही है। मैं अपने पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही एवं वास्तविक नाम प्रांशी कश्यप दर्ज कराना चाहता हूं, जिसके लिए मेझ़ समस्त नियम एवं शर्ते मान्य व स्वीकार्य है। यह शपथ पत्र मेरे उपरोक्त कथन के समर्थन में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग में प्रस्तुत करना है।

**शपथकर्ता**
**रूपेश कुमार कश्यप**

## अनमोल वचन......

अपने अंदर की आग को जलाए रखें, सफलता खुद-ब-खुद आपके पास आएगी।

## जल संरक्षण के महत्व

विश्व भर में सभी देशों में जल संरक्षण के महत्त्व को समझने व समझाने के लिए विश्व जल दिवस मनाया जाता है। बढ़ते जल संकट की ओर ध्यान आकर्षित करने के लिए विश्व जल दिवस को यूएन ने प्रमुखता दी है। हर साल इसकी अलग थीम भी रखी जाती है। इस वर्ष विश्व जल दिवस की थीम क्या है। क्या है इसके मायने। कैसे हुई इसकी शुआत। दुनिया को क्यों इस ध्यान देने की जरूरत है। जल ही जीवन है। यह लाइन तो कई बार सुनी होगी, आज भी बढ़ते जल संकट के बीच, इस लाइन को सार्थक करने के प्रति मानव की सजगता और जागरूकता अपने मुकाम तक नहीं पहुंची जहां वह खुद जीवन बचाने के लिए दिखाई दे। जल संरक्षण के मामले में भी तस्वीर धुंधली दिखाई देती है हम सुनते आए हैं कि जल ही जीवन है। कुछ दशक से वैश्विक स्तर पर पानी की बढ़ती खपत और गहराते पानी संकट पर विमर्श बहुत हुआ विशेषज्ञों ने चेताया भी लेकिन जमीनी स्तर पर खासकर भारत जैसे देश में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता बेहद कम नजर आती है। अभी तक हमें पूर्णता स्वच्छ जलापूर्ति नहीं हो पाई है।

बड़ी वजह यह है कि बात तो खूब होती है कि क्या जाना चाहिए। इसे कोई भी अपने स्तर पर जिम्मेदरी उठाने को तैयार नहीं दिखता है। यह व्यवस्था सरकार के भरोसे पर छोड़ दी जाती है अपने स्तर पर लोग न तो जल के बेतहाशा बरबादी को लेकर सचेत नजर आते हैं न ही जल संरक्षण के प्रयासों की दिशा में कार्यरत दिखाई देते हैं। नहाते समय अनावश्यक रूप से पानी ना बहाएं ब्रश करते समय बर्तन धोते समय और खाना बनाते समय नल खुला छोड़ कर कुछ ना करें। पौधे लगाए और बाढ़ व तूफान से बचाव के लिए प्राकृतिक व्यवस्था में योगदान दें। यह जनना बेहद जरूरी है कि पृथ्वी पर थोड़ा सा पानी ही पीने लायक है। जानकर यह हैरानी होगी कि 71 प्रतिशत पृथ्वी की सतह पर कुल पानी है। इसमें से 97 प्रतिशत पानी सागर, महासागरों में है जो खारा है व पीने खेती करने या उद्योगों में प्रयोग के लायक नहीं है। 3 प्रतिशत पानी ही ताजा पानी की श्रेणी में आता है जो प्रयोग किया जा सकता है 2.5 प्रतिशत ताजा पानी ग्लेशियर, ध्रुवी बर्फ, वाष्प और मिट्टी में नमी के रूप में पाया है जिस तक पहुंच पाना असंभव है।

## राशिफल

मेष : बुद्धिमत्ता द्वारा हर दिशा में स्वयं को पारंगत सबित करेंगे। जीवन साथी से कुछ मुद्दों पर वैचारिक मतभेद की आशंका है। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी। घर में सामान्य माहौल रहेगा।

बृषभ : भावुकता पर नियंत्रण रखें। सगे-संबंधियों के बीच अपने अनुकूल अपेक्षा न रखें। माता के स्वास्थ्य के प्रति कुछ चिंताएं रहेंगी। व्यावसायिक योजनाएं फलीभूत होती नजर आएंगी। रोजगार में लाभ के आसार हैं।

मिथुन : मन में कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं नकारात्मक विचार ला सकती हैं। संघर्ष के क्षणों में कुछ अच्छे आसारों से मन में प्रसन्नता संभव।

कर्क : भौतिकता की लोलुपतावश दूसरों के चढ़ाने में आकर अपनी आर्थिक क्षति कर सकते हैं। रोजगार में अच्छी आशाएं प्रसन्नता लाएंगी। मन कुछ घरेलू चिंताओं से मन ग्रसित रहेगा।

सिंह : किसी पुराने संबंधी के साथ निकटता बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों के प्रति सक्रियता से आपकी महत्ता बढ़ेगी। अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। पूजा-पाठ में पूरा दिन मन केंद्रित होगा।

कन्या : भौतिक आधार पर थोड़ा असंतोष हो सकता है। नये दायित्वों की पूर्ति हेतु परिश्रम तीव्र होगा। सगे-संबंधों मं व्यवहार कुशल बनें। कुछ नई अभिलाषाएं आपको हतोत्साहित करेंगी। घर में खुशहाली रहेगी।

तुला : दुविधाओं को त्योग स्वच्छ योजनाओं पर केंद्रित हों। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह मिलेगा। सगे-संबंधियों से अपेक्षाएं रखना कष्टप्रद होगा। आवेश व उच्छृंखलता पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक : निकट संबंधों में मधुर वाणी का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां मन में आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी। कार्यक्षेत्र में लोकप्रियता बढ़ेगी। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में लगेगा।

धनु : नई सकारात्मक सोच से प्रगति के आसार बढ़ेंगे। दूसरों की सफलता देख अपने अंदर हीनता न आने दें। दुनियादारी में समय देने से अच्छा होगा कि थोड़ा घर में समय देने की चेष्ठा करें।

मकर : भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग हों। अच्छी योजनाओं द्वारा महत्वपूर्ण कार्यों की समयानुकूल पूर्ति करने में सक्षम होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता बरतें।

कुंभ : कुछ नई आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित साधन व्यवस्था में मन चिंतित होगा। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

मीन : भौतिक-सुख साधन हेतु व्यय संभव। राजनीतिज्ञों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रणय संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी, लेकिन सामाजिक मर्यादा का ध्यान रखें। जीवन साथी के स्वास्थ्य पर ध्यान दें।

# मोदी-भाजपा-संघ की यह आखिरी देन तय

//हरिशंकर व्यास//

**सोचें, भारत में सामाजिक (हिंदू) समरसता का कौन सा मॉडल प्रदेश है। मेरा मानना है मध्य प्रदेश! और वहां अभी क्या हल्ला हुआ। भाजपा ने ओबीसी आरक्षण को 14 प्रतिशत से बढ़ा कर 27 प्रतिशत करने के कमलनाथ सरकार के पुराने फैसले पर सुप्रीम कोर्ट से उम्मीद की है कि कांग्रेस कई वर्षों तक सत्ता में रही लेकिन उसने किसी वर्ग के साथ न्याय नहीं किया। अब मामला सुप्रीम कोर्ट में है और हमें न्यायपालिका पर भरोसा है। हमें उम्मीद है कि अदालत मध्यप्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी देगी।**

अर्थात भाजपा/संघ परिवार/ मोहन यादव सरकार राज्य की ओबीसी (51 प्रतिशत), अनुसूचित जाति (एससी) 15.6 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति (एसटी) 21.1 प्रतिशत के तीनों वर्गों की राज्य में कथित 87 प्रतिशत आबादी के अनुपात में आगे आरक्षण का झुनझुना/रोडमैप सोचे हुए है।

और यह सब मोदी सरकार की 11 वर्षों की राजनीति का नतीजा है। जैसे भी हो सत्ता बनाए रखने की जिद्द की इस राजनीति ने कांग्रेस और राहुल गांधी को यदि जितनी आबादी, उतना हक़ के एजेंडे की ओर धकेला है तो सुप्रीम कोर्ट तथा जनगणना से भाजपा हिंदू समाज को आगे और बिखेरने वाली है। कैसे? मोदी सरकार 2027 में जनगणना कराएगी। अंग्रेजों की कराई 1931 की जाति जनगणना के लगभग सौ साल बाद स्वतंत्र भारत की पहली बार फिर जाति जनगणना होगी। यह जनगणना जाति के साथ उपजाति, पिछड़े, अतिपिछड़े जैसे अलग-अलग समूहों के खांचों में होगी। जैसे कर्नाटक में सिद्धारमैया सरकार लिंगायतों को बांटने, हिंदू धर्म से उन्हें अलग करने, लिंगायत के भीतर लिंगायत बनाम वीरशैव का झगड़ा बनाने की कोशिश में है वैसे ही अगली जनगणना में पिछड़ों में अति पिछड़ों का वर्गीकरण भी बनेगा। मतलब अति पिछड़ों के वर्गीकरण में यदि हिंदू जाट की उपजातियों जैसे बैंस, भुल्लर, अटवाल आदि की आर्थिक हैसियत के आगे पिछड़े, अति पिछड़े जाट के समूह बने तो आश्चर्य नहीं होगा! क्योंकि जाति जनगणना के पीछे एकमेव मंत्र 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले हिंदुओं को इतना और बांटना है कि मोदी नए वर्ण विभाजन के फार्मूलों में योजना, स्कीम बना कर लोगों के खाते में पैसे डालने के नए फैसले ले सकें, जिससे वोट पके। मतलब ताजा बिहार मॉडल की तरह 2029 में अखिल भारतीय स्तर पर बांटो, लडाओ (जातीय पहचान-हक-आरक्षण की भूख में) के साथ स्कीमों व आरक्षण के जरिए वोट पटाने का महाअभियान!

मतलब राहुल गांधी, कांग्रेस, तेजस्वी याकि जातीय-क्षेत्रिय राजनीति के धुरंधरों की पिछड़ा-दलित-आदिवासी राजनीति को जनगणना और उसके बाई प्रोडक्ट की योजनाओं-घोषणाओं-झांसों के महाप्रोपेगेंडा से खारिज करा देना। भयावह सिनेरियो है। मगर अंग्रेजों ने जैसे 1905 में बंग-भंग से बीज बो कर 1947 में हिंदू-मुस्लिम विभाजन तय कराया वैसे नरेंद्र मोदी दिल्ली के वे आखिरी हिंदू शासक संभावी हैं, जिनकी जातीय जनगणना और जातीय आरक्षण की आग में हिंदू राष्ट्रवाद वैसे ही मिट्टी में मिलेगा देने जैसे पृथ्वीराज चौहान के आखिरी शासन की आखिरी हिंदू सत्ता थी! विदेशी गुलामी से पहले की! सोचें, हिंदू मोदी राज में कैसा-क्या है। आरक्षण व्यवस्था लागू होने के 75 वर्ष बाद भारत का दलित चीफ जस्टिस, दलित आईपीएस एडीजीपी, एक दलित कांस्टेबल की हालिया प्रतिनिधि घटनाओं, व्यवहार, अनुभव से क्या यह नहीं मालूम होता कि आरक्षण व्यवस्था पूरी तरह फेल है! इसने हिंदू समाज में समानता की बजाय समरसता, परस्पर मान-सम्मान, सद्भावपूर्ण व्यवहार को न केवल और खराब किया है, बल्कि जातीय पूर्वाग्रहों, वैमनस्य, दुराव, नीचताओं की हद पार करा दी है। सचमुच हर हिंदू को (जितनी आबादी, उतना हक़÷ का सामाजिक न्याय चाहने वालों को अवश्य) हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस एडीजीपी पुरण कुमार के सुसाइड नोट तथा घटना के बाद उनकी पत्नी आईएएस अधिकारी अनमित कुमार की शिकायत-एफआईआर को पढ़ना चाहिए। समझ आएगा कि आरक्षण की व्यवस्था ने हिंदू समाज को मानसिक उत्पीडन की भट्ठी बना दिया है।

पूरा समाज, पूरी आबादी जल रही है, खोखला गई है। जिसे आरक्षण मिला और जिसे नहीं मिला, सभी भूख, उत्पीडन, जलालत, भेदभाव की भट्ठी में जलते हुए है। सोचें, भारत के चीफ जस्टिस गवई पर! भारत राष्ट्र की सत्ता-व्यवस्था के एक स्तंभ न्यायपालिका के प्रमुख। वे आरक्षण से नहीं बने। पर आरक्षण से चिन्हित हुई जाति के वे पर्याय दलित हैं तो उन पर जूता फेंकना सोशल मीडिया में आज तर्कसंगत व प्रशंसनीय है या फिर हिंदू धर्म को गालियां हैं तो सत्य क्या जाहिर। पूरा समाज ही आरक्षण से मानसिक रोगी है। सोचें, तब भारत राष्ट्र-राज्य कैसा रोगी, खोखला, अशक्त और असहाय है!

इसे नई ऊंचाईयां मोदी राज से हैं। नरेंद्र मोदी से पहले तक कांग्रेस, भाजपा, लेफ्ट के राष्ट्रीय राजनीति के नैरेटिव में मंडल-कमंडल दोनों सीमाबद्ध थे। पर अब यदि राहुल गांधी का जितनी आबादी, उतना हक़ का पागलपन है तो वजह मोदी-शाह द्वारा जात राजनीति, पिछड़ावाद से वोट प्रबंधन हैं। मोदी सरकार ने पूरी राजनीति को ही जब धर्म, जात, पैसे और लोगों को गंवार बनाने के प्रोपेगेंडा की फैक्टरी में कनवर्ट कर दिया है तो विपक्ष क्या करेगा। यह नोट रखें कि जो दिशा है उसमें मोदी सरकार सुप्रीम कोर्ट से आरक्षण की सीमा 75-84 प्रतिशत (मतलब जितनी आबादी, उतना हक़) बढ़वा देगी। वही जातीय जनगणना के बाद फिर 2029 के चुनाव में प्राइवेट क्षेत्र में आरक्षण लागू कराने का वादा होगा! इसलिए क्योंकि चुनाव किसी भी सूरत में जीतना है। फिर यों भी भारत को आगे बुद्धि, काबलियत की जरूरत नहीं है। अमेरिकी कंपनियों की एआई (कृत्रिम बुद्धि-काबलियत) से ही भारत चलना है।सो मोदी-भाजपा-संघ की यह आखिरी देन तय है जो भारत हर तरह से गुलाम, अक्षम, नाकाबिल और पूरी तरह से जातियों-धर्म की जिद्द में लड़ता-झगड़ता-मनोरोगी होगा!

# बिहार में क्या हरियाणा की सफलता को दोहरा पाएंगे?

//विवेक शुक्ला//

**बिहार में विधानसभा चुनावों का बिगुल बज चुका है। चुनाव आयोग ने मतदान की तारीखों की घोषणा कर दी है—6 और 11 नवंबर को मतदान होगा, और नतीजे 14 नवंबर को आएंगे। यह चुनाव केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के लिए विशेष महत्व रखता है। उन्होंने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को दो-तिहाई बहुमत के साथ विजयी बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए भाजपा कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। शाह का दावा है कि राजग न केवल पूर्ण बहुमत के साथ बिहार में सरकार बनाएगा, बल्कि घुसपैठियों को राज्य की पवित्र धरती से बाहर भी करेगा।**

सीमांचल पर विशेष ध्यान । अमित शाह का फोकस इस बार सीमांचल (पूर्वोत्तर बिहार) के नौ जिलों पर है, जहां उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बड़ी टीम तैनात की है। उनकी रणनीति साफ है राजद और एमआईएम के गढ़ में कमल खिलाना। 243 सीटों वाली बिहार विधानसभा में राजग के लिए 160 से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। सीमांचल में घुसपैठ को मुख्य मुद्दा बनाया जा रहा है, जहां मुस्लिम आबादी काफी है और घुसपैठ हिंदुओं के लिए समस्या बनी हुई है। हाल के वर्षों में इस क्षेत्र में हिंदू पर्वों और त्योहारों पर पथराव और हिंसा की घटनाएं सामने आई हैं, जिसे शाह और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंभीरता से लिया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले से अपने भाषण में घुसपैठियों के वोटर लिस्ट में शामिल होने के मुद्दे को उठाया था। शाह और मोदी ने कांग्रेस की मतदाता अधिकार यात्रा के जवाब में घुसपैठियों के मताधिकार को मुद्दा बनाया है। चुनाव आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बाद लगभग 45 लाख पुराने मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं।

भाजपा के तरकश में कई तीर : भाजपा केवल घुसपैठ के मुद्दे पर निर्भर नहीं है। अयोध्या में राम मंदिर के बाद बिहार में मां जानकी मंदिर का निर्माण, मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत 75 लाख महिलाओं को 10,000 पये का वितरण, और अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार जैसे मुद्दे भी अभियान का हिस्सा हैं। यह चुनाव भाजपा और विशेष रूप से प्रधानमंत्री मोदी के लिए सामान्य नहीं है। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मोर्चों पर चुनौतियों के बीच यह चुनाव राजग के लिए बड़ी परीक्षा है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और वैश्विक दबावों का सामना करने की सरकार की दृढ़ता ने भारत को गर्व का विषय बनाया है। सवाल यह है कि क्या मोदी बिहार के मतदाताओं पर अपना जादू चला पाएंगे।

मोदी और शाह का बिहार में दबदबा : बिहार में भले ही राजग के बैनर तले चुनाव लड़ा जा रहा हो, लेकिन यह स्पष्ट है कि यह मोदी और शाह का चुनाव है। 2014 से अब तक भाजपा का सफर मोदी युग के नाम से जाना जाता है। यह केवल इसलिए नहीं कि भाजपा केंद्र में सत्तारूढ़ है, बल्कि इसलिए भी कि विश्व ने भारत को मोदी के भारत के रूप में देखना शुरू किया है। मोदी का व्यक्तित्व मेहनत, कुशल टीम और ठोस नियोजन का परिणाम है। 75 वर्ष की आयु में भी वह अपनी रणनीतिक समझ और संगठनात्मक कौशल से सबको प्रभावित करते हैं।

मोदी ने विश्वास निर्माण का अनूठा प्रयोग किया है। 1985-1990 के बीच गुजरात में भाजपा के लिए काम करते हुए उन्होंने और अमित शाह ने पहली बार अपनी जोड़ी का कमाल दिखाया। तब से शाह हर चुनाव में मोदी की जीत के शिल्पकार बने हैं।

बिहार में शाह की रणनीति : बिहार में एक बार फिर अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता की परीक्षा है। हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव परिणामों में उनकी रणनीति की सफलता देखी जा चुकी है। बिहार में भी वह सोशल इंजीनियरिंग पर जोर दे रहे हैं, जिसमें जातिगत समीकरणों को साधना शामिल है। नए चेहरों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है, और मुद्दों व नारों को अंतिम रूप दे दिया गया है। ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करना, और देशव्यापी जाति सर्वेक्षण जैसे मुद्दे जोर-शोर से उठाए जाएंगे।

भाजपा ने 40 पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की है, जिसमें धर्मेंद्र प्रधान प्रभारी हैं और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य भी शामिल हैं। मंदिर और मंडल दोनों मुद्दों को साथ लेकर चलने में शाह की विसनीयता स्थापित है। अमित शाह की संगठनात्मक क्षमता और नरेंद्र मोदी की रणनीतिक समझ बिहार में राजग की जीत की कुंजी है। गुजरात से लेकर उत्तर प्रदेश तक शाह ने संगठन को मजबूत करने का काम किया है। बिहार में क्या वह हरियाणा की सफलता को दोहरा पाएंगे। यह समय बताएगा।


# देश में दीपावली के मेले में भारतीय रेल झमेले में

देश में 2025 आते आते 145 करोड़ आबादी चलते यातायात संसाधनों का ये हाल होगा शायद ही किसी ने सोचा होगा । इस बात की गम्भीरता इससे समझिए कि दीपावली पर भारतीय रेलवे ने विशेष रूप से 12000 रेलगाड़ियां चलाई हैं ताकि लोग अपने घरों पर पहुंचकर दीपावली मना सके। केंद्रीय रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव ने प्रतिदिन नई दिल्ली स्टेशन पहुंचकर खुद पूरे रेल विभाग का नेतृत्व किया है। बताया जाता है कि रेल मंत्री ने अस्थाई रूप से निवास भी रेलवे स्टेशन के विश्राम गृह में कर लिया है और यह सिलसिला अभी तीन दिन और चलेगा । उल्लेखनीय है कि 18 अक्टूबर से प्रतिदिन पांच करोड़ यात्री देश में एक स्थान से दूसरे स्थान पर आ जा रहे हैं। जिसमें बिहार जाने वाली ट्रेनों में तो पैर रखने की जगह नहीं है।ब्रिटिश राज्य में भारत यात्री रेल गाड़ी 1858 यानी अब से150 वर्ष से पहले शुरू हुई थी।1905 आते आते ब्रिटिश ने 45000 किलो मीटर रेल लाइन स्थापित कर दी थी।आजादी के समय यह लगभग एक लाख किलो मीटर के आसपास थी तत्कालीन समय में पाकिस्तान,बांग्लादेश भी शामिल था। आजाद भारत को 67000 किलोमीटर रेलवे मिला।अब यह संख्या 140000 किलोमीटर है।बताया जाता है कि पूरे भारत में आठ जोन में बटा रेलवे 2500 से अधिक छोटे बड़े स्टेशन हैं। रेलवे के पास 289000 मॉल बाहक कोच हैं और 75000 से अधिक यात्री कोच हैं।13 लाख कर्मचारी वाला भारतीय रेल विश्व का सातवां सबसे बड़ा विभाग है।लेकिन आबादी विस्फोट ने इन सुविधाओं को भी नाप कर रख दिया है। नई दिल्ली स्टेशन पर एक दिन में लाखों यात्रियों का आवागमन है ।आम तौर पर प्रतिदिन पूरे देश में ढाई करोड़ लोग सफर करते हैं। मॉल ढुलाई और यात्री किराए से प्रतिवर्ष 2.65 लाख करोड़ रुपए की आय होती है जबकि शुद्ध मुनाफा 3250 करोड़ होता है क्योंकि रेल परियोजना,पर खर्च किया जाता है। भारतीय रेल तीन प्रकार की है ब्रॉड गेज, मीटर गेज, नैरो गेज। अभी रेल वे ने देश सभी स्टेशनों का नवीनीकरण किया है जिसमें भोपाल का कमलापति रेलवे स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर विकास किया है। अब चेन्नई, कोलकाता, मुंबई सीएसटी, सियालदाह स्टेशन को पीपीपी मॉडल पर विकास किया जा रहा है।दिल्ली चेन्नई की तीसरी लाइन स्थापित की जा रही है। जबकि दिल्ली मुंबई बायां अहमदाबाद, सूरत, बडौदा,को चौथी लाइन भी विकसित किया गया है। देश में 200 से अधिक बंदे भारत, ट्रेन चलाई जा रही है। रेल वे प्रतिदिन 12000 से अधिक यात्री ट्रेन चला रहा है । एक ट्रेन में 24 से 26 बोगी होती है। अधिकतर रेलगाड़ियां में पेंट्री कार होती हैं। जिसमें यात्रियों को ताज़ा बना हुआ खाना 80 रुपए में सप्लाई किया जाता है। भारत का रेल विभाग सबसे बड़ा महकमा है। इसको एक कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री, बोर्ड अध्यक्ष, सदस्य, रेलवे जोन में सीजीएम, तकनीकी मुख्य अभियंता,सहायक, कार्यपालन यंत्री, अंत में सेक्शन ऑफिसर होता है जो नियमित तौर पर ट्रैक चेक करता है। बोर्ड अध्यक्ष, सदस्य, भारतीय अभियांत्रिकी सेवा के होते हैं। भारतीय रेल ब्रॉड गेज का 98.36 भाग यानी 70000 किलोमीटर पूर्ण रूप से इलेक्ट्रिफिकेशन हो चुका है। बाकी 70000 रेल लाइन मीटर गेज है ।उसे एक बार ब्रॉड गेज में परिवर्तन के बाद इलेक्ट्रिफिकेशन किया जा सकता है। एक तरह से देखा जाय तो रेल वे ने उल्लेखनीय प्रगति की है 75 वर्ष में ।हाल दो दशकों में 25000 किलोमीटर रेलवे का विस्तार हुआ है लेकिन देश की आबादी की बढ़ोत्तरी की तुलना में कम है।अभी भी कई क्षेत्रों तक रेल वे का विस्तार होना है। जैसे जैसे व्यक्ति की आय बढ़ी है तो उसका देसा टन भी बढ़ा है और लोग रोजगार के लिए महा नगरों की ओर जाते है । दीपावली एक भारत का सबसे बड़ा त्योहार है और ऐसे समय में आवागमन 150 फीसदी तक बढ़ता है। अचानक आए इस टास्क से रेलवे को क्षमता जवाब देने लगती है फिरवी केंदीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बधाई के पात्र हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मलेशिया के कुआलालंपुर में आयोजित 47वें आसियान शिखर सम्मेलन 2025 को वर्चुअली संबोधित किया।



पटना में छठ पूजा के दूसरे दिन जेपी गंगा पथ पर जाम में फंसे वाहन।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम को सुनती हुईं।



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद के इंदिरापुरम में एक निजी अस्पताल के उद्घाटन के दौरान।



नई दिल्ली में शौर्यवीर: रन फॉर इंडिया मैराथन के दौरान थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेन्द्र द्विवेदी।



पटना में गंगा नदी के तट पर छठ पूजा की रस्में निभाते हुए महिलाएं।



पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री संगीता बिजलानी गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर में पूजा करने के लिए जाते समय मंदिर की घंटी बजाती हुई।

# बिहार चुनाव में राहुल गांधी की एंट्री

## 29 अक्टूबर को तेजस्वी यादव संग पहली सभा

**मुजफ्फरपुर, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी और बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की आम सभा 29 अक्टूबर को सकरा में होगी। सकरा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार उमेश कुमार राम के पक्ष में सभा कर राहुल गांधी बिहार चुनाव में अपने प्रचार की शुरुआत करेंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल ने प्रेस विज्ञप्ति



जारी कहा कि राजीव गांधी की सभा की तैयारी की जा रही है। चुनाव की तैयारी को लेकर आईएनडीआईए की बैठक रविवार को तिलक मैदान स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अरविंद कुमार मुकुल की अध्यक्षता में हुई। महागठबंधन के संयोजक एवं जिला राजद रमेश गुप्ता ने कहा ने कि जिले की सभी विधानसभा क्षेत्र से घटक दल के उम्मीदवारों के समर्थन में महागठबंधन के नेता एवं कार्यकर्ता संयुक्त अभियान चलाएंगे। बैठक के बाद महागठबंधन में शामिल सभी घटक दलों के जिला अध्यक्षों ने संयुक्त रूप से तिलक मैदान में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। बैठक में भाकपा माले के कृष्ण मोहन कुमार, सीपीएम के दिनेश भगत, रामकिशोर झा, वीआईपी के मनोज सहनी एवं सीपीआई के सुनील कुमार शामिल रहे।

# गोमती में नाले का जहर! सीबीआई जांच के कारण 600 मीटर पाइप गैप, सफाई का सपना टूटा



**लखनऊ, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

गोमती नदी को निर्मल बनाने के सरकारी निर्णय से खुशी की लहर दौड़ पड़ी थी, लेकिन नाले की गंदगी को नदी में गिरने से रोकने में अभी भी रुकावट दिख रही है। सिंचाई विभाग ने गोमती रिवरफ्रंट परियोजना की सीबीआई जांच चलने की बात करते हुए कहा है कि बिना अनुमति के काम करना उचित नहीं होगा। सिंचाई विभाग का तर्क है कि अगर पाइपों में किसी तरह की छेड़छाड़ की गई तो सीबीआई जांच के साक्ष्यों को प्रभावित करने का आरोप लगा सकती है। घैला से लेकर लामार्टीनियर कालेज के (रबर डैम जियामऊ) सामने तक 28 किलोमीटर में पाइप तो पड़े हैं, लेकिन अलग-अलग जगह करीब छह सौ मीटर में गैप है, जिससे नाले का पानी नदी में जा रहा है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि सीबीआई जांच चालू होने के कारण शेष कार्य को रोक दिया गया था। अब शासन ने गोमती नदी सफाई अभियान का नोडल अधिकारी मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत को बनाया है और सिंचाई विभाग ने उन्हें अधूरे कार्य की जानकारी दे दी है। बताया है कि गोमती रिवर फ्रंट परियोजना के अंतर्गत इंटरसेप्टिंग ट्रंक ड्रेन के तहत नालों के पानी को नदी से आने से रोके जाने का कार्य मार्च 2017 तक 28 किलोमीटर तक पूरा हो चुका है, लेकिन कई जगह गैप को बंद न किए जाने से नालों की पानी नदी में जा रहा है। अधूरे कार्य को सीबीआई जांच के कारण पूरा नहीं किया जा सका है। इसलिए अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए शासन से अनुमति ली जानी चाहिए, जिससे शासन सीबीआई से पत्राचार कर सके। सिंचाई विभाग का कहना है कि जब तक गैप बंद नहीं होंगे, तब तक गोमती में नालों को गिरने से रोकना संभव नहीं है। यह गैप 28 किलोमीटर में जगह-जगह पर हैं। अगर सीबीआइ से अनुमति भी मिल गई तो पाइपों का परीक्षण करना होगा। अखिलेश सरकार की विदाई होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोमती रिवर फ्रंट परियोजना में हुए घपले की जांच सीबीआई को दे दी थी।

सीबीआई ने सिंचाई विभाग के तत्कालीन अभियंताओं समेत कई को आरोपित बनाया था। कुछ समय पूर्व शासन की तरफ से कहा भी गया था कि अधिकारी खुद ही सीबीआई से पत्राचार कर यह अनुरोध करें कि पाइप लाइन डालने के अधूरे कार्य को पूरा करने की अनुमति दी जाए, लेकिन आगे कुछ नहीं हो सका। 656 करोड़ की परियोजना में 1513.51 करोड़ खर्च हो चुके थे। परियोजना में अतिरिक्त कार्य कराने के लिए 2448.42 करोड़ का पुनरीक्षित बजट तैयार किया गया था, लेकिन योगी सरकार आने से अतिरिक्त बजट को रोक दिया गया था।

## पुजारी पति ने घरेलू झगड़े में पत्नी की गला घोंटकर हत्या की, कमरे में सो रही थी बेटी

**बाहरी दिल्ली।** केशवपुरम थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक पुजारी ने घरेलू विवाद के कारण पत्नी की हत्या कर दी। आरोपित ने पहले तकिये से पत्नी का मुंह दबाया और फिर गमछे से गला घोंट दिया। हत्या के बाद आरोपित ने पुलिस को फोन कर बताया कि उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतका की पहचान 40 वर्षीय सुषमा शर्मा के रूप में हुई है। घटना के वक्त दंपती की 11 वर्षीय बेटी उसी कमरे में सो रही थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन कमरे के हालात देखकर अधिकारियों को शक हुआ। पूछताछ में पति ने आखिरकार अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।उत्तर-पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि आरोपित की पहचान दिनेश शर्मा के रूप में हुई है। वह अपने छोटे भाई बाबू शर्मा के मकान की चौथी मंजिल पर पत्नी और बेटी के साथ रहता था। दिनेश कन्हैया नगर की गली नंबर 19 स्थित शिव मंदिर में पुजारी का काम करता था। शनिवार देर रात करीब 1.05 बजे दिनेश ने फोन कर बताया कि उसकी पत्नी ने फांसी लगा ली है और कमरे का दरवाजा अंदर से बंद है। सूचना मिलने पर केशवपुरम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चौथी मंजिल पर जाकर देखा कि दरवाजा खुला हुआ था और महिला फर्श पर अचेत पड़ी थी, जबकि बिस्तर पर बच्ची सो रही थी।

# अजेय मिसाइल दाग कर पुतिन ने ट्रंप को दिखाया अपना दम

**नईदिल्ली, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अमेरिका से गहराती तनातनी के बीच रूस ने असीमित दूरी तक मार करनेवाली क्रूज मिसाइल दागकर पूरी दुनिया को चौंका दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रविवार को घोषणा की कि रूस ने 14 हजार किलोमीटर दूर तक मार कर सकनेवाली क्रुज मिसाइल बुरेवेस्तनिक का सफल परीक्षण किया है। अब इसे तैनाती की दिशा में आगे बढ़ाया जाएगा। पुतिन ने कहा कि ये ऐसा हथियार है, जो दुनिया में किसी और देश के पास नहीं है। अमेरिका का कोई भी इलाका इस मिसाइल की रेंज में है। इस पर परमाणु बम भी फिट किया जा सकता है। अपने लक्ष्य तक पहुंचने से पहले ये मिसाइल 15 घंटे तक हवा में रही। हालांकि, रायटर के मुताबिक, ये मिसाइल असीमित दूरी तय करने की क्षमता रखती है। इसके लिए ये हफ्तों और महीनों तक हवा में रह सकती है।ये दुनिया की पहली ऐसी मिसाइल है, जिसमें परमाणु ऊर्जा इस्तेमाल होती है। दावा किया गया है कि ये मिसाइल किसी भी डिफेंस



सिस्टम या रडार की पकड़ में नहीं आती और साथ ही इसके मार्ग का भी अंदाजा नहीं लगाया जा सकता है। पुतिन ने बताया कि इस मिसाइल का परीक्षण पिछले हफ्ते (21 अक्टूबर) किया गया है, लेकिन हर तरह के विश्लेषण के बाद रविवार को इसका खुलासा किया गया।पुतिन ने यह ऐलान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कड़े रुख के बीच किया गया है।

इसे पश्चिमी दबाव का रूसी जवाब मान रहा है। अमेरिका ने यूक्रेन को टामहाक मिसाइलें देने की बात कही थी, जिस पर पुतिन ने स्पष्ट किया था कि यदि रूस पर हमला होता है, तो प्रतिक्रिया बेहद गंभीर और निर्णायक होगी। पुतिन ने कहा है कि यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस किसी भी पश्चिमी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह परीक्षण न केवल सैन्य शक्ति का प्रदर्शन है, बल्कि अमेरिका और नाटो के लिए एक रणनीतिक संदेश भी है कि रूस परमाणु हथियारों की होड़ में अब भी आगे है। यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की येन केन प्रकारेण कोशिशों में लगे ट्रंप ने पुतिन को नाराज किया है। ट्रंप ने रूस को कागजी शेर तक बता डाला था। अलास्का में दोनों नेताओं की बैठक के बाद हंगरी में होनेवाली बैठक भी स्थगित कर दी गई थी।

अमेरिका से बढ़ती तनातनी के बीच पिछले हफ्ते ही रूस ने न्यूक्लियर ड्रिल भी की है। इसमें कई क्रुज मिसाइलों का परीक्षण भी किया गया है। साथ ही रूस ने जमीन, हवा और समंदर में अपनी क्षमताओं को परखा है।रूस की 9 एम730 बुरेवेस्तनिक (स्टार्म पेट्रेल-तूफानी पक्षी) परमाणु क्रुज मिसाइल को नाटो ने एसएससी-एक्स-9 स्काईफाल नाम दिया है। इसकी योजना पर रूस 2018 से काम कर रहा था। बुरेवेस्तनिक की अनुमानित सीमा 20,000 किमी तक है।

## दिल्ली में नशे की हालत में युवक ने खुद ही काट ली गर्दन अस्पताल में इलाज जारी

**बाहरी दिल्ली।** प्रेम नगर थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह एक युवक सड़क किनारे खून से लथपथ मिला। स्थानीय लोगों ने खून से लथपथ युवक को देखकर इसकी जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत मंगोलपुरी स्थित संजय गांधी अस्पताल लेकर पहुंची। जहां हालत गंभीर देख घायल को अन्य अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। घायल की पहचान गोपाल निवासी नांगोलई, जेज कॉलोनी के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान, घायल ने बताया कि उसने खुद को घायल कर लिया था।रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 26 अक्तूबर की सुबह प्रेम नगर के जानी पब्लिक स्कूल के पास 70 फुटा रोड पर एक घायल व्यक्ति के पड़े होने की जानकारी मिली।

# इस्तांबुल में शांति वार्ता के बीच अफगान सीमा पर फिर बढ़ा तनाव

## हिंसक झड़प में 5 पाकिस्तानी सैनिकों मारे गए

**इस्तांबुल।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इस्तांबुल में दूसरे दौर की वार्ता हो रही है। इस बीच सूचना आई है कि अफगानिस्तान सीमा के पास हुई झड़पों में पांच पाकिस्तानी सैनिक और 25 आतंकी मारे गए हैं।



पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने बताया कि आतंकियों ने शुक्रवार और शनिवार को पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी सीमांत क्षेत्र कुर्रम और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में अफगानिस्तान से घुसपैठ की कोशिश की। मीडिया शाखा ने कहा कि घुसपैठ की इन कोशिशों से अफगानिस्तान सरकार की अपनी धरती से पनप रहे आतंकवाद के मुद्दे से निपटने की मंशा पर संदेह पैदा होता है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता और रक्षा मंत्रालय ने कथित हमलों पर टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। तालिबान ने आतंकियों को पनाह देने के आरोपों से इन्कार किया है और कहा है कि पाकिस्तान के सैन्य अभियान अफगान संप्रभुता का उल्लंघन करते हैं। वहीं, काबुल के साथ बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने अफगान शरणार्थियों पर कार्रवाई तेज कर दी है। पाकिस्तान दशकों से अपनी सीमा में रह रहे 28 लाख अफगान शरणार्थियों के प्रति लगातार शत्रुतापूर्ण रवैया अपना रहा है और आतंकवाद से निपटने के नाम पर उसने निर्वासन का व्यापक अभियान शुरू किया है। फ्रांस 24 की रिपोर्ट के अनुसार, इस साल की शुरुआत से अब तक 6,66,000 से अधिक अफगान शरणार्थियों को निकाला जा चुका है। इस कदम की मानवीय समूहों ने आलोचना की है और पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच पहले से ही तनावपूर्ण संबंधों को और गहरा कर दिया है।

# 'NDA को 20 साल दिए, महागठबंधन को 20 महीने दीजिए', तेजस्वी की बिहार की जनता से अपील



**पटना 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

विपक्ष के नेता एवं महागठबंधन समन्वय समिति के अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को राज्य की जनता से अपील की- आपने एनडीए को 20 साल दिया, महागठबंधन को 20 महीना दीजिए। हम काम करके दिखा देंगे। हमने किसी का नुकसान नहीं किया है। आप मुझे अवसर दीजिए, हम नया बिहार बनाएंगे। वे रविवार को यहां पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।उन्होंने कहा कि यह मानकर चलिए, वर्तमान राज्य सरकार आपका भला नहीं कर सकती है। राज्य में अपराध और भ्रष्टाचार चरम पर है। कहीं सुनवाई और कार्रवाई नहीं हो रही है। एक खेत में अगर लगातार एक ही बीज डालते रहें तो खेत की उत्पादन करने की क्षमता समाप्त हो जाती है। जमीन बंजर हो जाती है। लंबे समय तक पानी स्थिर रहे तो वह सड़ जाता है। इस राज्य का वही हाल है। तेजस्वी ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने साफ कह दिया है कि बिहार में उद्योगों की स्थापना नहीं की जा सकती है। क्योंकि यहां जमीन की कमी है। इससे उनकी मंशा का पता चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि महागठबंधन की चुनावी सभाओं में लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं। इसमें सभी वर्ग के लोग शामिल होते हैं। लोग सरकार से परेशान हैं। बदलाव के लिए बेसब्र हैं। उन्होंने कहा कि सरकार 20 साल पुराने खटारा की तरह है। सरकार के पास विकास की दृष्टि नहीं है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी केवल गुजरात के विकास में लगे हुए हैं। कल कारखाने गुजरात में खुल रहे हैं। वहां स्पेशल इकानामिक जोन बन रहा है। आइटी पार्क और स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। बिहार को सिर्फ ठेंगा दिखाया जाता है। सेमी कंडक्टर का निर्माण किया जा रहा है।

# पिता का सिम चोरी कर फर्जी यूपीआई से 26 लाख ठगे, दूसरी पत्नी का बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पिता का सिमकार्ड चोरी कर फर्जी यूपीआई आईडी बनाकर उनके बैंक खाते से 26 लाख रुपये निकालने के आरोप में क्राइम ब्रांच ने आरोपित शिवम शर्मा को गिरफ्तार किया है। उसने चार माह के दौरान इतनी बड़ी रकम की हेराफेरी की। पहली पत्नी से हुए बेटे को आजादपुर मंडी का अपना पार्किंग व्यवसाय सौंप देने पर आरोपित पिता से नाराज था। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी क्राइम ब्रांच आदित्य गौतम के मुताबिक शिवम शर्मा बीए स्नातक है। वह पहले कॉल सेंटर में काम करता था। एसीपी अनिल शर्मा व इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम को जांच के बाद आरोपित के बारे में पता चला। इसके बाद शिवम शर्मा की निशानदेही पर उसके घर से 100 ग्राम सोना बरामद हुआ है। उसके एचडीएफसी बैंक खाते में जमा तीन लाख फ्रिज करा दिए गए। 68 वर्षीय बुजुर्ग का आजादपुर मंडी में पार्किंग का ठेका है। खाते से मोटी रकम गायब पाकर बुजुर्ग ने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर 26.32 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी की शिकायत की थी। पुलिस को जांच से पता चला कि बैंकिंग के सीमित



ज्ञान और शारीरिक अस्वस्थता के कारण, पीड़ित ने अपने बेटे को अपने वित्तीय मामलों का प्रबंधन सौंप दिया था, जिसका उसने दुरुपयोग किया। बीते 23 मार्च को जब उसके पिता अपनी पहली पत्नी के अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे, शिवम ने उनके बैंक खाते से जुड़ा सिम कार्ड चुरा लिया था।इसके बाद उसने एक फर्जी यूपीआई आईडी बनाई और अमेजन और फ्लिपकार्ट से सोने के सिक्के खरीद कर उन्हें कपड़े के पैकेट में लपेटकर दीवार पर लगी अलमारी में छिपा दिया था। टीम ने उन्हें बरामद कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि एक साइबर कैफे संचालक के जरिये उसने छह लाख की नकद निकासी भी की। इसके एवज में उसने कैफे संचालक को दो से 10 प्रतिशत कमीशन दिया। साक्ष्य मिटाने के लिए उसने सिमकार्ड और मोबाइल नष्ट कर दिया था। लेकिन जब बात फैलने लगी तब शिवम ने बेगुनाही का नाटक किया और साइबर शिकायत दर्ज कराने में पिता की मदद की। जांच से पता चला कि परिवार में गहरी नाराजगी ही मुख्य वजह यह थी कि पिता पहली पत्नी से हुए बेटे को ही पैसे देते थे और अपना पार्किंग व्यवसाय भी सौंप दिया था।

## दोस्त की प्रेमिका को घर में रखने से मना किया, तो रस्सी से बांधकर की पिटाई

**मुजफ्फरपुर।** दोस्त की प्रेमिका को अपने डेरा में नहीं रखना महंगा पड़ा। घर लौटे दोस्त ने प्रेमिका के अपमान का बदला लेने के लिए कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी है। जख्मी हालत मे दोस्त का इलाज अस्पताल में चल रहा है। मामले को लेकर राकेश की मां उषा देवी ने अहियापुर थाना में प्राथमिकी कराई है। वह कोल्हुआ की रहने वाली है। उसने पुलिस को बताया है कि उसका लड़का राकेश कुमार बेंगलुरु में किराया के मकान में रहकर बिल्डिंग का काम करता है। इसी कारण उसका दोस्त कुंदन कुमार एक लड़की को भगा कर बेंगलुरु ले गया और वहां जाकर उसके बेटा राकेश कुमार को अपने प्रेमिका के साथ रहने देने को दबाव बनाने लगा।

# एएमयू में हिंदू छात्र को पिस्टल से पीटा, कलमा पढ़ने का दबाव



**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में हिंदू छात्र को पिस्टल की बट से पीटा। आरोप है कि हमलावरों ने उस पर कलमा पढ़ने का भी दबाव बनाया। शोर शराबा होने पर हमलावर धमकी देकर भाग गए। छात्र ने एएमयू के जेएन मेडिकल कॉलेज में उपचार कराया। प्रॉक्टर कार्यालय में उसने पांच-छह हमलावरों के खिलाफ तहरीर दी है। झगड़े के पीछे छात्रों में आपसी टशन और किसी लड़की को लेकर विवाद बताया जा रहा है।सिविल लाइन क्षेत्र के पुरानी चुंगी निवासी प्रशांत राठी एएमयू के राजा महेंद्र प्रताप सिंह सिटी हाईस्कूल में 11वीं का छात्र है। प्रशांत ने बताया कि रविवार की शाम करीब छह बजे वह मित्र उजैफा से मिलने यूनिवर्सिटी के अंदर अल्लामा इकबाल हॉल गया था। वहां मिंटो सर्किल के छात्र अरमान के साथ यूनिवर्सिटी के ही अन्य विभागों में पढ़ रहे सैफुल्लाह, दानिश आदि ने घेर लिया। अरमान के हाथ में पिस्टल थी, जिससे उसने सिर पर हमला किया। अन्य छात्रों ने भी पीटा। सभी ने उस पर कलमा पढ़ने का दबाव बनाया। प्रशांत के अनुसार, हमलावरों से उसका पहले कभी झगड़ा नहीं हुआ। यूनिवर्सिटी के सुरक्षा गार्डों ने उसे बचाकर जेएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। रात 11 बजे उपचार कराने के बाद प्रशांत तहरीर देने के लिए प्रॉक्टर कार्यालय पहुंचा। झगड़े के पीछे छात्रों की टशन व किसी लड़की से बातचीत करने का मामला भी बताया जा रहा है। प्रॉक्टर प्रो. एम वसीम अली के अनुसार छात्र की तहरीर के आधार पर हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज के लिए गला दबाकर महिला की हत्या, पति-ससुर गिरफ्तार



**रायबरेली, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

नेवादा गांव में शनिवार को मिले गांव निवासी साबिया के शव के मामले में पुलिस ने महिला के पति व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक महिला की हत्या गला दबाकर की गई थी। रविवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।शनिवार को नेवादा गांव निवासी साबिया का शव घर के कमरे के बेड पर पड़ा मिला था। मृतका के शरीर पर चोट के निशान भी थे। हालांकि ससुरालीजन ने पुलिस को साबिया द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की सूचना दी थी। कोतवाली पहुंची मृतका की मां फातिमा ने दहेज के लिए बेटी की हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। मृतका के भाई मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी बहन की शादी साढ़े तीन वर्ष पूर्व शरीफ के साथ हुई थी। शादी के बाद ही शरीफ व उसके पिता अब्दुल रहीस ने साबिया से और दहेज लाने की मांग की थी।

दहेज की मांग को लेकर आए दिन आरोपित साबिया को मारते पीटते और प्रताड़ना देते रहते थे। शुक्रवार को ससुरालीजन ने सूचना दी कि साबिया ने आत्महत्या कर ली।जब वह और उनका परिवार वहां पहुंचे तो देखा कि साबिया के शरीर पर चोट के निशान बने हैं। मोहम्मद हनीफ ने पुलिस को दी तहरीर में शरीफ व अब्दुल रहीस पर उसकी बहन की हत्या किए जाने का आरोप लगाया। रविवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी गला दबाकर साबिया की हत्या किए जाने की पुष्टि हुई, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज करते हुए दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाल अजय राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाने से साबिया की मौत होने की पुष्टि हुई है। मामले में आरोपित अब्दुल रहीस व उसके बेटे मोहम्मद शरीफ को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# मतदान केंद्रों से सीधे मिलेगा वोटिंग का आंकड़ा... चुनाव आयोग ने बिहार चुनाव 2025 के लिए की बड़ी तैयारी




**भागलपुर, 27 अक्टूबर [एजेंसी]।**

बिहार के मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए द्वितीय चरण में 11 नवंबर को होने वाले मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी डा. नवल किशोर चौधरी, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय कांत, पुलिस अधीक्षक नवगछिया प्रेरणा कुमार, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, नगर आयुक्त शुभम कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्वेता कुमारी सहित कई कोषांग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रजाइडिंग ऐप की ट्रेनिंग पर सबसे अधिक बल दिया जा रहा है। इसका कारण यह है कि इस बार सीधे मतदान केंद्र से ही मतों की संख्या का आंकड़ा मोबाइल ऐप के माध्यम से प्रविष्टि की जाएंगी। जबकि जिला स्तर पर केवल डैशबोर्ड की सुविधा होगी। ऐसे में यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी पीठासीन पदाधिकारी समय पर और सही सही आंकड़ा मोबाइल ऐप में दर्ज करें।इसके लिए सभी पीठासीन पदाधिकारियों को मोबाइल ऐप के बारे में अच्छी तरह प्रशिक्षण दिया जाना है। साथ ही साथ इसका एक ट्रेनिंग वीडियो भी साझा करना है, जिससे सभी इससे अच्छी तरह अवगत हो सकें। प्रजाइडिंग मोबाइल ऐप के साथ-साथ ईवीएम के ट्रेनिंग का वीडियो भी तैयार कर इसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से साझा करें, जिससे अधिक से अधिक संख्या में लोग ईवीएम के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों तक लाइट की व्यवस्था होनी चाहिए। जिससे देर शाम मतदान की स्थिति में अंधेरे का सामना नहीं करना पड़े।उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। अतः इसे समय पूर्व सुनिश्चित कर लेना होगा। सभी मतदान केंद्रों पर वालेंटियर्स की व्यवस्था रखनी होगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मतदान केंद्र का वेब कास्टिंग किया जाना है, जिसके लिए एजेंसी को चयनित किया गया है। जिला स्तर पर वेब कास्टिंग कंट्रोल रूम की भी व्यवस्था कर लेनी होगी। उन्होंने सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राजनीतिक हिंसा और माडल कोड आफ कंडक्ट उल्लंघन के मामले में दोषियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करेंगे।उन्होंने निर्देश दिया कि जिला के सोशल मीडिया टीम को एक्टिव रखना होगा। सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी के लिए डिस्ट्रिक्ट लेवल पर कंट्रोल रूम की स्थापना करनी होगी। जिले में होने वाले वीआईपी मूवमेंट को लेकर भी विशेष नजर रखनी होगी और आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में दोषी पाए जाने पर प्राथमिक दर्ज करना सुनिश्चित करेंगे। सभी प्रत्याशियों के द्वारा प्रचार में होने वाले खर्च को लेकर भी कड़ी निगरानी की आवश्यकता है। इसके लिए एसएसटी की टीम को लगातार जांच करना और मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा इलेक्टरल रोल, डाक मत पत्र, सीसीटीवी कैमरा, स्ट्रांग रूम और वहां की व्यवस्था और मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, सुरक्षा बल की तैनाती, संवेदनशील मतदान केंद्रों की पहचान जैसे विषयों पर सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारियों और वरीय पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।बताया गया कि मतदान केंद्रों पर एवं डिस्पैच करने वाले वाहन में जीपीएस सिस्टम लगेंगे। इसके लिए सभी जिले में जीपीएस लगाने वाली टीम पहुंच जाएगी। इसके पूर्व सभी जिले में बूथ लेवल पर कम्युनिकेशन प्लान तैयार कर लेना होगा और इस एजेंसी के साथ साझा करेंगे, जिससे कि उन्हें सभी वाहनों में जीपीएम सिस्टम इनस्टाल करने में सुविधा हो यह ध्यान रखना होगा कि ईवीएम के संग्रहण के उपरांत उन वाहनों से जीपीएस सिस्टम को अनइनस्टाल भी करना होगा।

# सूर्य मंदिर प्राण प्रतिष्ठा व शुभारंभ में उमड़ा श्रद्धा का सागर



**कोरिया चरचा कालरी।** नगर पालिका शिवपुर चर्चा क्षेत्र के बहुप्रतीक्षित सूर्य मंदिर का सपना इस वर्ष छठ पर्व के पावन अवसर पर साकार हो गया। गत वर्ष छठ पूजा के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने सार्वजनिक मंच से वादा किया था कि आगामी छठ पूजा तक सूर्य मंदिर का निर्माण पूर्ण कर श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु प्रारंभ किया जाएगा — और इस वर्ष उन्होंने अपना वादा पूरा कर दिखाया।

रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार एवं हवन यज्ञ के साथ प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ यह ऐतिहासिक क्षण क्षेत्र वासियों के लिए गर्व और आस्था का अद्भुत संगम साबित हुआ मंदिर परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में सैकड़ो श्रद्धालु जन ,नगर पालिका के अधिकारी , कर्मचारी,जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे हवन कार्यक्रम में वशिष्ठ कुमार ओझा मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवपुर चर्चा अरुण जायसवाल अध्यक्ष शिवपुर चर्चा,राजेश सिंह ,सचिन मालिक,पवन विश्वकर्मा, अनिल पासवान,सहित गणमान्य नागरिक शामिल रहे, हवन एवं प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर को सार्वजनिक दर्शन के लिए खोल दिया गया विदित हो कि चर्चा एवं आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रद्धालु छठ पर्व पर सूर्य उपासना करते हैं। वर्षों से यहां के भक्तों की यह इच्छा थी कि छठ घाट पर एक भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण हो, जिससे श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना हेतु स्थायी स्थल मिल सके।पालिका प्रशासन की सक्रियता और जनभागीदारी से मंदिर का निर्माण कार्य समय पर पूर्ण किया गया।

सूर्य मंदिर निर्माण में यजमान बनने का सौभाग्य पार्षद प्रदीप तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा तिवारी को प्राप्त हुआ। छठ पूजा के साथ सूर्य मंदिर के शुभारंभ का यह अद्भुत संयोग पूरे क्षेत्र में उत्साह और आस्था का प्रतीक बन गया है स्थानीय श्रद्धालुओं ने कहा कि मंदिर निर्माण से क्षेत्र की धार्मिक आस्था को नया बल मिलेगा तथा यह स्थल अब पूरे संभाग में एक महत्वपूर्ण धार्मिक केंद्र के रूप में पहचाना जाएगा।नगर के नागरिकों एवं श्रद्धालुओं ने विधायक भइयालाल राजवाड़े और पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल के इस संकल्प एवं दूरदर्शिता के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि चर्चा की चर्चा को और ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली है। पालिका अध्यक्ष अरुण जायसवाल ने सभी नागरिकों, सहयोगियों, जनप्रतिनिधियों, पालिका प्रशासन ,पुलिस प्रशासन के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंदिर केवल ईंट और पत्थरों का नहीं बल्कि श्रद्धा ,विश्वास और जनता के सहयोग का प्रतीक है, आपने जो आशीर्वाद और साथ दिया उसी से संकल्प साकार हुआ, सूर्य मंदिर की स्थापना से क्षेत्र की धार्मिक पहचान और सांस्कृतिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी यह मंदिर आने वाले वर्षों में श्रद्धा पर्यटन और सामूहिक एकता का केंद्र बनेगा।

कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी ने किया राज्योत्सव की तैयारी का निरीक्षण

## छत्तीसगढ़ स्थापना के रजत वर्ष पर जिला मुख्यालय में 2 से 4 नवम्बर तक होगा राज्योत्सव का भव्य आयोजन



**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी रविवार को बैकुंठपुर के शासकीय आदर्श रामानुज उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय स्थित मिनी स्टेडियम पहुँचीं और आगामी राज्योत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को समय-सीमा के भीतर सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बैठक व्यवस्था, बिजली, पानी, साफ-सफाई, सुरक्षा, बैरिकेडिंग, यातायात प्रबंधन तथा मंच की साज-सज्जा जैसी तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग अपने-अपने आबंटित स्टॉल में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रदर्शन आकर्षक ढंग से करे ताकि नागरिकों को योजनाओं की जानकारी सरलता से मिल सके। राज्योत्सव के दौरान स्कूली बच्चों और लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएँगी। साथ ही शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी नागरिकों को दी जाएगी ताकि वे उनका लाभ उठा सकें। श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना का यह रजत वर्ष प्रदेश के गौरव और उपलब्धियों का प्रतीक है। पिछले 25 वर्षों में कोरिया जिले ने विकास के कई प्रतिमान स्थापित किए हैं।

उन्होंने सभी कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया कि 1 से 5 नवम्बर तक सभी शासकीय भवनों में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर सुरेन्द्र प्रसाद वैद्य, एसडीएम उमेश पटेल तथा लोक निर्माण, वन, उद्यानिकी, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा, नगरीय निकाय सहित अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# छठ: घाटों पर श्रद्धालुओं की सेवा करेगा ब्राम्हण समाज

**कोरिया बैकुंठपुर।** छठ महापर्व की पवित्र आस्था और लोक परंपराओं को संजोए रखने के उद्देश्य से ब्राह्मण समाज कोरिया द्वारा इस वर्ष भी समाजसेवी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ब्राह्मण समाज के सक्रिय नेतृत्व में बैकुंठपुर के गढ़ेलपारा छठ घाट में श्रद्धालुओं के लिए विशेष सेवा कार्य संचालित किए जाएंगे। इस अंतर्गत सोमवार की शाम तथा मंगलवार की सुबह छठ माता को अर्पित किए जाने वाले अर्ध्य के लिए श्रद्धालुओं को पुष्प एवं दूध का नि:शुल्क वितरण किया जाएगा।

छठ पर्व सूर्य उपासना का अनुपम त्योहार है, जिसमें छठी मइया और भगवान भास्कर की आराधना की जाती है। नदी-तालाबों के पवित्र जल में खड़े होकर अस्ताचलगामी सूर्य और उदयीमान सूर्य को अर्ध्य अर्पित करने की परंपरा सदियों से चली आ रही है। इस पावन उत्सव में साफ-सफाई, शुद्धता और सेवा का विशेष महत्व होता है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए ब्राह्मण समाज द्वारा छठ घाट पर आने वाले सभी व्रतधारियों एवं श्रद्धालुओं के लिए यह सेवा अभियान चलाया जा रहा है। ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस बार भी समाज के सदस्य पूरा योगदान देंगे, ताकि किसी भी श्रद्धालु को पूजा सामग्री की कमी महसूस न हो। समाज के युवाओं द्वारा घाट की साफ-सफाई, यातायात व्यवस्था, तथा अन्य सुविधाओं में भी सहयोग प्रदान करने की योजना बनाई गई है। आयोजन समिति ने कहा कि छठ महापर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं, अपितु हमारी संस्कृति की जीवंत पहचान है, जिसमें सभी वर्ग और समुदाय एक साथ श्रद्धा के रंग में रंग जाते हैं। समाज के वरिष्ठ जनों ने सभी विप्र समुदाय के सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस सेवा कार्य को सफल बनाएं तथा छठ व्रतियों के लिए सहयोग प्रदान करें। उन्होंने बताया कि छठ घाट में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जा रही हैं। पुष्प और दूध का वितरण सोमवार शाम खरना के बाद एवं मंगलवार प्रात:कालीन अर्ध्य के दौरान किया जाएगा। इस दौरान ब्राह्मण समाज ने जिले के सभी नागरिकों को छठ पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए आग्रह किया कि लोग श्रद्धा एवं अनुशासन के साथ त्योहार मनाएं। पर्व के दौरान स्वच्छता, शुचिता और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान देने का संदेश भी दिया गया। छठ महापर्व के माध्यम से समाज में एकता, सद्भाव एवं परोपकार की भावना और मजबूत होती है। ब्राह्मण समाज कोरिया की यह पहल न केवल सामाजिक उत्थान का संदेश देती है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि भारतीय संस्कृति में त्योहार जन-सेवा और जन-कल्याण का माध्यम भी होते हैं। गढ़ेलपारा छठ घाट पर इस सेवा कार्य के चलते श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिल रहा है और सभी इस पावन पर्व का उत्साहपूर्वक स्वागत करने के लिए तैयार हैं। पर्व की पूर्णाहुति के साथ ही सूर्यदेव से परिवार की सुख-समृद्धि एवं स्वस्थ जीवन की कामना का संकल्प लिया जाएगा। छठ पर्व के इस अवसर पर ब्राह्मण समाज कोरिया की सेवा भावना निश्चित रूप से समाज में प्रेरणादायी संदेश स्थापित करेगी।

## कन्या शाला के आईटी ट्रेड की छात्राओं को कराया गया औद्योगिक भ्रमण



**कोरिया बैकुंठपुर।** शासन के द्वारा संचालित व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर जिला कोरिया के आईटी ट्रेड के छात्राओं का औद्योगिक भ्रमण संस्था के प्राचार्य अमृतलाल गुप्ता के दिशा निर्देशन में व्यवसायिक प्रशिक्षक अभिषेक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में कक्षा 9वी के 28 छात्राएं कक्षा 10 वी के 26 छात्राएं कक्षा 11 वी के 33 छात्राएं एवं कक्षा 12वीं के 30 छात्राओं को स्टूडेंट प्वाइंट बैकुंठपुर में ले जाकर औद्योगिक भ्रमण कराया गया इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों को किसी विशिष्ट व्यवसाय तकनीकी कार्य के लिए तैयार करना होता है ताकि वह रोजगार योग्य बन सके। निश्चित तौर पर कोरिया जिले में शिक्षा के क्षेत्र में जिला प्रशासन कोरिया के कुशल मार्गदर्शन में नित नये आयाम बनाने का कार्य हो रहा है शिक्षा के क्षेत्र में यह कार्य जिले के छात्राओं को नए मार्गदर्शन देगा।

## 6 नवंबर से रुक सकती है एलपीजी की होम डिलीवरी

**रायपुर।** यदि आप घर पर एलपीजी सिलेंडर की डिलीवरी लेते हैं, तो यह खबर आपके लिए अहम है। प्रदेशभर में गैस एजेंसी संचालकों ने कमीशन बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। चेतावनी दी गई है कि यदि उनकी मांगें जल्द नहीं मानी गईं, तो 6 नवंबर से सिलेंडर की होम डिलीवरी बंद कर दी जाएगी। एचपीसीएल, बीपीसी एल और इंडियन ऑयल के डिस्ट्रीब्यूटर लंबे समय से कमीशन वृद्धि की मांग कर रहे हैं।

## ससुराल वालों पर प्रताड़ना और पैसे की मांग का आरोप, जहर खाकर जवान ने दी जान देने की कोशिश

**बलरामपुर।** ग्राम कुंदी कला निवासी सीआरपीएफ जवान राजाराम प्रजापति ने अपनी पत्नी, सास-ससुर और अन्य ससुरालजनों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जवान ने एक वीडियो जारी कर बताया कि उनसे लगातार पैसों की मांग की जाती है और इनकार करने पर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि ससुराल पक्ष द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी गई। राजाराम प्रजापति जम्मू-कश्मीर के लाल चौक में तैनात सीआरपीएफ की 132वीं बटालियन में पदस्थ हैं। प्रताड़ना से परेशान होकर उन्होंने जहर सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर उन्हें अम्बिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहाँ फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि राजाराम वर्ष 2021 में सीआरपीएफ में भर्ती हुए थे और उनका ससुराल बलरामपुर जिले के ग्राम अधौरा में है। वीडियो में उन्होंने विस्तार से बताया कि किस तरह ससुराल वाले पैसों के लिए दबाव डालते हैं और धमकाते हैं। इस मामले की जांच मणिपुर थाना पुलिस द्वारा की जा रही है।

## एमसीबी जिले की पहली महिला पुलिस कप्तान रत्ना सिंह ने संभाला चार्ज, सुरक्षा व्यवस्था पर जोर

**मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर।** छत्तीसगढ़ के नवगठित मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को पहली बार महिला पुलिस कप्तान मिली हैं। 2019 बैच की तेज-तर्रार आईपीएस अधिकारी रत्ना सिंह ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण करते ही अपनी सक्रिय कार्यशैली का परिचय दिया। तुरंत ग्राउंड पर निरीक्षण चार्ज संभालते ही रत्ना सिंह ने किसी औपचारिकता में समय बर्बाद किए बिना छठ पूजा स्थलों का दौरा किया। उन्होंने वहां सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई और आयोजनों की तैयारियों का जायजा लिया। इस कदम से स्पष्ट होता है कि वे जनता के बीच रहकर समस्याओं का समाधान करने और व्यवस्था सुधारने में भरोसा रखती हैं। कानून व्यवस्था और नशीले पदार्थों पर होगी सख्ती जिले में बढ़ते अपराध और नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। अधिकारियों के अनुसार, रत्ना सिंह जल्द ही इस पर कड़ा अभियान चलाएंगी। उनका लक्ष्य अपराधियों और संगठित गिरोहों पर नकेल कसना और जिले में शांति एवं सुरक्षा का माहौल बनाए रखना है। एमसीबी जिले की जनता इस बात को लेकर आश्वस्त है कि नई महिला पुलिस कप्तान की दृढ़ता, तेज़ निर्णय क्षमता और प्रशासनिक अनुभव जिले में कानून-व्यवस्था मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

## वाड्रफनगर में नशे में धुत पुलिसकर्मियों की पिटाई का वीडियो वायरल

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के वाड्रफनगर से कानून व्यवस्था पर सवाल खड़ा करने वाला एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। वीडियो में नशे में धुत एएसआई और आरक्षक की चौकी के ठीक सामने पिटाई होते हुए देखी जा सकती है। बताया जा रहा है कि यह घटना बलंगी पुलिस चौकी क्षेत्र की है, जहां शराब के नशे में धुत दोनों पुलिसकर्मी ग्रामीणों के हत्थे चढ़ गए। स्थानीय लोगों ने अपने मोबाइल फोन से इस पूरी घटना को रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो में एएसआई नंदराम और आरक्षक सुरेंद्र को शराब के नशे में लड़खड़ाते हुए देखा जा सकता है। इसी दौरान कुछ लोगों ने दोनों को पकड़कर चौकी के सामने ही जमकर पीट दिया। जानकारी के मुताबिक, एएसआई नंदराम का कुछ समय पहले ही जशपुर जिले में तबादला किया गया था, और घटना के बाद उसे रिलीव कर दिया गया है। उधर, इस पूरे प्रकरण के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। अब सवाल यह उठ रहा है कि कार्रवाई पुलिसकर्मियों पर होगी, जिन्होंने ड्यूटी के दौरान शराब पी, या उन लोगों पर जिन्होंने कानून अपने हाथ में लेकर पुलिसकर्मियों की पिटाई की। फिलहाल, पुलिस प्रशासन ने पूरे मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। यह घटना न केवल पुलिस की अनुशासन व्यवस्था पर, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा पर भी बड़ा सवाल खड़ा कर रही है।

## निधन

### श्रीमती तारा पाण्डे



**कोरिया बैकुंठपुर।** बैकुंठपुर महलपारा निवासी ओंकार पाण्डेय की धर्म पत्नी एवं राकेश पांडेय की माता श्रीमती तारा पाण्डे (पूर्व जिला पंचायत सदस्य )का निधन 26/10/2025 को प्रात: 4.50 बजे हो गया हैं। वह 70 वर्ष की थी। लम्बे समय से केंसर जैसी बीमारी से पीड़ित थी उनका ईलाज बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर में चल रहा था। ईश्वर परिजनो को इस दुख को सहन की शक्ति प्रदान करे।

## फिर सजेगा खेलों का महाकुंभ-राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 की तैयारियां पूर्ण

**अम्बिकापुर।** खेल प्रतिभाओं की भूमि सरगुजा एक बार फिर राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता 2025 की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार है। आगामी 28 अक्टूबर 2025 से प्रारंभ होने वाली 25वीं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियाँ पूर्ण कर ली हैं। इस प्रतियोगिता में पूरे राज्य के पाँचों संभाग कृ दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, सरगुजा और बस्तर कृ की टीमें हिस्सा लेंगी। जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर विलास भोस्कर की अध्यक्षता में प्रतियोगिता की तैयारियों की समीक्षा हेतु बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी, खेल अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, परिवहन विभाग, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन की गुणवत्ता पूर्व वर्षों की भाँति उत्कृष्ट, अनुशासित और प्रेरणादायक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन, चिकित्सीय सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए ताकि प्रतिभागी पूरी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले सकें। कलेक्टर ने यह भी कहा कि सरगुजा की मेहमाननवाज़ी और संगठन क्षमता पूरे प्रदेश में उदाहरण बनेगी।

भव्य उद्घाटन समारोह 28 अक्टूबर को मल्टीपर्पज स्कूल मैदान, अंबिकापुर में आयोजित होगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री राजेश अग्रवाल तथा सांसद चिंतामणि महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। वहीं समापन समारोह में प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी, शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों के शामिल होने की संभावना है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश झा ने जानकारी दी कि सभी खेल मैदानों का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत, उपकरण व्यवस्था और सजावट का कार्य पूरा कर लिया गया है।

उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों के लिए आवास स्थलों को सुसज्जित किया गया है तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों और मार्चपास्ट का रिहर्सल अंतिम चरण में है। सरगुजा की धरती खेल प्रतिभाओं से भरी हुई है। यह आयोजन हमारे युवाओं को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। खेलों के माध्यम से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है, और यही इस महोत्सव का मूल उद्देश्य है। सरगुजा प्रशासन, शिक्षा विभाग और खेल एवं युवा कल्याण विभाग संयुक्त रूप से इस आयोजन को भव्य, सुरक्षित और प्रेरणादायक बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नगर निगम द्वारा मैदान और स्वागत स्थल को आकर्षक रूप से सजाया जा रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल टीमों की तैनाती के साथ एम्बुलेंस सेवाएँ भी सुनिश्चित की हैं। खेल महाकुंभ के इस पर्व में राज्यभर से आने वाले सैकड़ों खिलाड़ी, कोच, अधिकारी एवं खेलप्रेमी सरगुजा की सांस्कृतिक और खेलीय धरोहर के साक्षी बनेंगे। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मंच बनेगा, बल्कि सरगुजा के गौरव और खेल संस्कृति के उत्थान का प्रतीक भी सिद्ध होगा।

## महिला की करंट से मौत

**रायगढ़।** जिले में एक महिला की जंगल में मिली। महिला का शव औंधे मुंह पड़ा था। संभवना जताई जा रही है कि वन्यप्राणी को मारने के लिए लगाए गए करंट तार की चपेट में आने से उसकी मौत हुई है।

# प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन देने वाली अनोखी पहल 'गार्बेज कैफे' को देशभर में मिली पहचान

**रायपुर।** मन की बात' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के नवाचारों और माओवाद उन्मूलन के संकल्प का उल्लेख होना प्रदेशवासियों के लिए गौरव की बात है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' और भारतीय नस्ल के श्वानों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे पूरे प्रदेश के लिए सम्मान बताया। मुख्यमंत्री ने राजधानी रायपुर के शांति नगर में 'मन की बात' के 127वें संस्करण का श्रवण किया।


मुख्यमंत्री श्री साय ने छठ पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 'मन की बात' देशभर में हो रहे नवाचारी, प्रेरणादायी और जनहितकारी कार्यों को जोड़ने वाला एक विशेष मंच है, जो समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने वालों प्रयासों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का उल्लेख होना प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर नगर निगम की अनूठी पहल 'गार्बेज कैफे' की सराहना की, जिसने प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में एक मिसाल कायम की है। यहाँ प्लास्टिक कचरा देने वालों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है — यह पहल स्वच्छता, पुनर्चक्रण और सामाजिक संवेदना का अद्भुत उदाहरण बन चुकी है।अम्बिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। अम्बिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं, जहाँ प्लास्टिक कचरा लेकर जाने पर भरपेट खाना खिलाया जाता है। अगर कोई व्यक्ति एक किलो प्लास्टिक लेकर जाए उसे दोपहर या रात का खाना मिलता है और कोई आधा किलो प्लास्टिक ले जाए तो नाश्ता मिल जाता है। ये कैफे अम्बिकापुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चलाता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने त्योहारों की बढ़ी रौनक, सामाजिक एकता के प्रतीक छठ पर्व और नए आत्मविश्वास से आगे बढ़ते भारत की भावना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि माओवादी गतिविधियों के सिमटते प्रभाव पर गर्व का अनुभव होता है। डबल इंजन की सरकार के मजबूत संकल्प से देश में शांति और सुरक्षा की दिशा में उल्लेखनीय परिणाम मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से अब मूलभूत सुविधाएं सुदूर गाँवों तक पहुँच रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हर भारतीय को गर्व से भर दिया है। इस बार उन इलाकों में भी खुशियों के दीप जले हैं, जहाँ कभी माओवादी आतंक का अंधेरा छाया रहता था। उन्होंने कहा कि लोग उस माओवादी आतंक का जड़ से खात्मा चाहते हैं जिसने उनके बच्चों के भविष्य को संकट में डाल दिया था। श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों में भारतीय नस्ल के श्वानों को शामिल किए जाने के निर्णय की भी सराहना की। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में एक देशी श्वान ने 8 किलो विस्फोटक का पता लगाकर जवानों की जान बचाई। यह सिद्ध करता है कि भारतीय नस्ल के श्वान अधिक अनुकूल, दक्ष और विश्वसनीय हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने प्रकृति संरक्षण पर भी विशेष जोर देते हुए सभी नागरिकों से पेड़ लगाने का आग्रह किया और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जुड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय नवाचारों को जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इसे उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने इसे राष्ट्रप्रेम की अमर अभिव्यक्ति बताते हुए प्रत्येक नागरिक से इसके गौरवगान में स्वस्फूर्त रूप से सहभागिता करने की अपील की।




मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भगवान बिरसा मुंडा के पुण्य स्मरण के साथ जनजातीय अधिकारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके सर्वोच्च योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस उन महान जननायकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है, जिन्होंने देश की आज़ादी और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील की है कि वे अपने आसपास हो रहे नवाचारों और सकारात्मक प्रयासों को अवश्य साझा करें, ताकि अन्य लोग भी उनसे प्रेरणा लेकर समाजहित में योगदान दे सकें। 'मन की बात' कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुंगनूर नस्ल की गायों को चारा खिलाया और उनकी विशेषताओं की जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि आंध्र प्रदेश में पाई जाने वाली यह विशेष नस्ल अपनी अनूठी शारीरिक बनावट और विशिष्ट गुणों के कारण प्रसिद्ध है। कार्यक्रम में विधायक पुरन्दर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष शंभूनाथ चक्रवर्ती, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा सहित अनेक जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित थे।



# समस्त प्रदेशवासियों को छठ पर्व की हार्दिक बधाई....



# 15 किमी का सफर सड़क के अवशेष पर टिका, लोग कराहने को मजबूर

## गर्द-गुबार से दिन और रात दोनों में समस्या



**कोरबा।** भारत सरकार द्वारा आकांक्षी जिलों में जिस कोरबा जिले को सूचीबद्ध किया गया है और विभिन्न योजनाएं क्रियान्वित की जा रही है, वहां अधिकांश सड़कें या तो समस्याग्रस्त है या बेहद बदहाल। गोपालपुर से कटघोरा के 15 किलोमीटर की सड़क एक तरह से अवशेष बनकर रह गई है। लोग अपनी आवश्यकता या मजबूरीवश यहां आवागमन करने को मजबूर हैं।

बारिश के पहले से ही इस रास्ते में दिक्कतें थी। समय रहते इन्हें दूर नहीं किया गया। नतीजा यह हुआ कि इस वर्ष हुई ताबड़तोड़ बारिश ने इस रास्ते को और भी ज्यादा बेहाल कर दिया। लगातार हुए बारिश के सिलसिले ने सड़क के गड्ढों को जहां बढ़ाने का काम किया वहीं आसपास में टूट-फूट की तस्वीरें भी निर्मित हो गई। इस पूरे रास्ते में हालात ऐसे हैं कि पेंचवर्क भी इसे निराकृत नहीं कर सकता। बारिश के मौसम में लोग मौके से कीचड़ के छींटों से परेशान रहे और जब स्थिति ठीक हुई तो अब इसी रास्ते पर जगह-जगह उठते गर्द-गुबार ने परेशानी पैदा कर दी। आलम यह है कि दिन में ही गुबार के कारण दृष्टयता कम होने से एक्सीडेंट का खतरा बना हुआ है जबकि रात्रि में हालात और ज्यादा बुरे हो जाते हैं। नजदीक से आने वाले वाहनों को देखकर अगर दूसरी गाड़ी के चालक संभले नहीं तो आपस में टक्कर होना निश्चित है। बीते तीन महीने में ऐसी कई घटनाएं इस रास्ते में हुई है।

### 25.98 करोड़ खर्च होने हैं सड़कों के सुधार में

जिले की एक नहीं बल्कि कई सड़कें बेहद बुरी स्थिति में है। लगातार किरकिरी होने के बाद प्रशासन ने डीएमएफ से सड़कों का सुधार कराना मंजूर किया है। कुल 25.98 करोड़ रुपए सुधार पर खर्च करना तय किया है। नवंबर से इसका काम शुरू होने की बात कही जा रही है।

# डॉ. पालीवाल सहित तीन चिकित्सकों को मिला सम्मान




**कोरबा।** लंबे समय से चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने के साथ अपने अनुभवों का लाभ लोगों को देने वाले छत्तीसगढ़ के सताधिक चिकित्सकों को राजधानी रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इनमें कोरबा के डॉ. एसके पालीवाल, डॉ. अविनाश तिवारी और डॉ. संजय पांडेय सम्मानित हुए। विधानसभाध्यक्ष और पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने उनका सम्मान किया।

क्रिटिकॉन क्रिटिकल केयर कॉन्फ्रेंस 2025 का आयोजन 25-26 अक्टूबर को रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल की ओर से किया गया। यहां पर देश और दुनिया के कुछ प्रतिष्ठित डॉक्टर विशेषज्ञों की भूमिका में थे। यहां पर छत्तीसगढ़ के पांच संभागों से विशिष्ट सेवा के लिए चिकित्सक आमंत्रित किये गए। उन्हें दीर्घसेवा सम्मान दिया गया। इस दौरान माना गया कि विभिन्न प्रकार की बीमारियों और इनमें भी जटिल प्रकरणों के बेहतर समाधान को लेकर जो चिकित्सक काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, उनकी सेवाओं का मूल्यांकन करना तो बनता ही है। इसके जरिये उनकी सेवाओं की स्वीकार्यता को स्थापित भी करना है। कार्यक्रम में इस बात पर जोर दिया गया कि जो चिकित्सक अपने शहरों पर केद्रिंत होकर उत्कृष्ठ कार्य कर रहे हैं, कम से कम उनके योगदान का मूल्यांकन संस्था और समाज को अवश्य करना चाहिए। इसके माध्यम से ना केवल उन्हें सम्मानित करना है बल्कि आम लोगों को यह भी संदेश देना है कि चिकित्सक की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है। कोरबा शहर से 3 चिकित्सकों को सम्मानित किया जाना, और वह भी बड़े मंच पर- बड़ी उपलब्धि से कम नहीं।

## नोनबिर्रा में कुएं में डूबने से एक की मौत

**कोरबा।** दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनबिर्रा गांव में दुर्गेश यादव 25 वर्ष की जल समाधि हो गई। आज सुबह परिजनों ने कुएं में उसे मृत पाया। पुलिस को सूचना दिए जाने के बाद कुछ लोगों की सहायता से मृतक का शव निकाला गया। पुलिस ने बताया कि 25 अक्टूबर की शाम से वह लापता था। यहां-वहां उसकी तलाश की गई। कोई नतीजे नहीं आने पर पुलिस को सूचित किया गया। संभावित ठिकानों पर खोजबीन में कुछ पता नहीं चला। सोमवार को मृतक का शव देखे जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

***कोरबा।** जिला स्तरीय राज्योत्सव में अपनी प्रस्तुति देने के लिए क्षेत्र के कलाकारों ने तैयारी जारी रखी है। प्रशासन ने कहा है कि इस बार स्थानीय चेहरों को मौके दिए जाएंगे।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com